तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 24.4 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 21 सितंबर 2024

10 विधायक ने विकास कार्यों में तेजी लाने अफसरों की ली बैठक

11 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का किया निरीक्षण







## खबर संक्षेप

### एम परिवहन एप्स का पोस्टर किया जारी



**भिलाई।** एम परिवहन एप्स का नया वर्जन शुरु होने पर दुर्ग पुलिस ने पोस्टर जारी किया। इस दौरान एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एएसपी सुश्री ऋचा मिश्रा, डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर, सदानंद विंध्यराज भी मौजूद थे। आम नागरिको के लिए एम परिवहन एप का नया वर्जन केरल, उडीसा के साथ छत्तीसगढ़ के लिए लागू किया गया है जिसके के लिए ट्रैफिक पहरी पोस्टर बनाकर दुर्ग पुलिस द्वारा आम नागरिको के लिए जारी किया है। ऐसे वाहन चालको का जो बिना हेलमेट, दो पहिया वाहन चालन, दो पहिया में तीन सवारी, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग, आम सडक, नो पार्किग जोन में वाहन पार्क, वाहन में गलत तरीके से नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने वालो का फोटो वीडियों बनाकर एम परिवहन एप्स के सीटिजन सेन्ट्रेल (ट्रैफिक पहरी) में शिकायत कर पाएगें। पुलिस द्वारा उक्त वाहन चालक का ई चालान बनाकर मोबाईल नंबर या वाहन चालक के पते पर भेज कर उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### आज मैराथन

**भिलाई।** स्वचछता ही सेवा पखवाड़ा के तहत शनिवार को मैराथन दौड़ होगा। इस दौड़ में रिसाली निगम क्षेत्र के स्कूली बच्चें, नागरिक, समाज सेवी, महाविद्यालय छात्र, बी.एस.एफ. के जवान और निगम के कर्मचारी शामिल होंगे। मैराथन जोहार चैक के निकट बने शहीद स्मारक से सुबह 8 बजे से शुरू होगा।

### आज भिलाई बंद

**भिलाई।** कवर्धा में पुलिस प्रताड़ना से हुई मौत के दोषियों पर कार्यवाही कर न्याय की मांग को लेकर 21 सितम्बर को भिलाई जिला कांग्रेस ने बंद का आव्हान किया है। सुबह 11 बजे से घड़ी चौक सुपेला में कांग्रेस के वरिष्ठजन जिला कांग्रेस कमेटी,भिलाई के सम्मानित सदस्य, सभी ब्लॉक अध्यक्षगण, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस ,भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, मजदूर संघ, कांग्रेस पार्षद दल ,पूर्व एल्डरमैन, इंटक एवं कांग्रेस के समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित होंगे।

### भिलाई निगम में कमिश्नर बदलते ही प्रभारी आयुक्त की मनमानी

# वेंडिंग जोन व व्यवस्थापन दरकिनार फुटकर दुकानों पर चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम में कमिश्नर के बदलते ही दो दिन में बड़ा खेला हो गया। गुरुवार को जिन अधिकारियों के तबादले तत्कालीन कमिश्नर ने प्रशासनिक कसावट लाने के लिए किए थे उनके जाने के बाद प्रभारी कमिश्नर ने बदल दिए। दूसरे दिन तड़के छह बजे नंदिनी रोड से लेकर पावरहाउस छावनी थाना तक रोड किनारे 36 से ज्यादा फुटकर दुकानों में बुलडोजर चलवा दिया। मामला इसलिए तूल पकड़ लिया है कि जिन लोगों पर कार्रवाई हुई है उनका व्यवस्थापन होना था और वेंडिंग जोन देना था। यह निर्णय पहले ही ले लिया गया था। प्रभावितों को व्यवस्थित करने का भरोसा वैशालीनगर विधायक व निगम पार्षद रिकेश सेन ने तत्कालीन कमिश्नर से चर्चा कर दिया था। उसके बावजूद यह कार्रवाई की गई।

#### विधायक की नाराजगी सीएम हाउस तक पहुंची



#### इस इलाके में हुई तोड़-फोड़ की कार्रवाई

निगम ने नंदनी रोड एवं पावर हाउस फल मण्डी पार्किंग पर तोड़फोड़ कार्यवाही की। नंदनी रोड के किनारे करूणा हॉस्पिटल से लेकर पावर हाउस चौक, छावनी थाना, तक फल विक्रेता, ठेले-खोमचे और टीन शेड लगाकर दुकाने चल रही थी। कार्रवाई करूणा अस्पताल से शुरू किया गया। एक-एक करके थाना छावनी तक कार्रवाई की गई।

#### यह है विवाद

इस तोड़फोड़ को लेकर क्षेत्रीय विधायक रिकेश सेन को न तो कोई जानकारी दी गई और न ही उन्हें विश्वास में लिया गया। चूंकि यह एरिया वैशालीनगर विधानसभा में आता है इसलिए प्रभावित विधायक रिकेश के पास पहुंचे। व्यवस्थापन वाले निर्णय के बाद इस तरह की कार्रवाई से लोगों में नाराजगी रही। विधायक ने तत्काल नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से फोन पर मामले को लेकर चर्चा की। नगरीय प्रशासन मंत्री और सीएम हाउस तक मामला पहुंच गया।

#### अगले महीने रिटायर हो रहे हैं प्रभारी कमिश्नर

नगर निगम भिलाई में अपर आयुक्त के पद पर पदस्थ अशोक द्विवेदी अगले महीने रिटायर होने जा रहे हैं। तत्कालीन कमिश्नर देवेश कुमार ध्रुव के सुकमा कलेक्टर बनने के बाद उन्हे कमिश्नर का प्रभार सौंपा गया है। लेकिन जिस तरह पहले तबादले में बदलाव किया और दूसरे दिन ही तोड़-फोड़ की बड़ी कार्रवाई करा दी इससे राजनैतिक माहौल भी गरमा गया है। निगम की गलियारों में यह चर्चा है कि तत्कालीन कमिश्नर द्विवेदी सरकार व संगठन के खिलाफ राजनीति से प्रेरित होकर इस कार्य को अंजाम दिया है।

#### नोटिस पहले दे चुके थे

ऐसी शिकायत मिल रही थी कि रोड के ऊपर अतिक्रमण करके व्यवसाय किया जा रहा है।जिससे ट्रैफिक व्यवस्था अवरुद्व हो रही थी । सभी व्यापारियों को पहले नोटिस दिया गया था और मुनादी भी कराई गई थी। सुबह के समय कार्रवाई इसलिए की गई कि किसी प्रकार का ट्रैफिक व्यवस्था अवरूद्व न हो।

**-अशोक द्विवेदी,** प्रभारी निगम आयुक्त

#### राजनीति से प्रेरित कार्रवाई

मेरी मौजूदगी में तत्कालीन निगम कमिश्नर द्वारा सड़क किनारे व्यवसाय करने वालों के लिए वेडिंग जोन बनाकर उन्हे व्यवस्थापित करने का निर्णय लिया गया था। इसलिए यह कार्रवाई नहीं होनी थी। कलेक्टर को बिना सूचना और मेरी बिना जानकारी के अलसुबह तोड़-फोड़ की कार्रवाई कर दी गई। राजनीति से प्रेरित होकर तत्कालीन कमिश्नर ने यह काम किया है। सीएम हाउस ने इसे संज्ञान में लिया है। अफसर पर कार्रवाई होगी।

**-रिकेश सेन,**
विधायक वैशालीनगर विधानसभा

### परिजनों ने लगाया मारपीट का आरोप

# जेल में कैदी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केन्द्रीय जेल दुर्ग में विचाराधीन कैदी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला सामने आया है।



घटना पदमनाभपुर थाना क्षेत्र की है। जेल प्रशासन ने घटना की सूचना परिजनों को देने के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक दुर्ग जेल में विचाराधीन कैदी रहे कोसानगर उड़िया पारा सुपेला निवासी सुन्दर जाल 30 वर्ष की शुक्रवार को अचानक मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन तुरंत शवगृह पहुंचे। शव को देख मृतक के परिजनों ने जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। मृतक के परिजनों ने बताया कि सुंदर जाल से दो दिन पहले ही जेल से मुलाकात करने उसकी माँ गई हुई थी। तब उसे किसी तरह की कोई समस्या नहीं थी। अचानक जेल की ओर से शुक्रवार को सुबह सुंदर की मौत की खबर परिजनों को दी गई।

- एनडीपीएस के तहत आया था जेल
- दुर्ग सेंट्रल जेल की घटना

परिजनों का आरोप है कि मृतक सुंदर के शव को परिजनों को देखने तक नहीं दिया गया और सीधे शवगृह लेकर लाया गया। मौत का कारण तक नहीं बताई गई बल्कि उपचार को लेकर भी कोई जानकारी नहीं दी गई है। सुंदर शादीशुदा था उसके बच्चें भी है। सुंदर एनडीपीएस के तहत 2023 को जेल आया था।

#### दो दिन पहले ठीक था लेकिन अचानक मौत

परिजन राज किशोर का आरोप है कि दो दिन पहले सुंदर ठीक था लेकिन अचानक मौत होना समझ से परे है। सुंदर के मौत मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जिससे स्पष्ट हो सके कि जेल में किस परिस्थिति में मौत हुई है। सुंदर के मौत के कारणों का खुलासा जेल प्रबंधन ने अब तक परिजनों को नहीं किया है। इसके अलावा परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सुंदर के साथ मारपीट हुआ होगा। उसके शरीर तक को नहीं दिखाया गया। इस कारण उसके साथ क्या हुआ होगा। स्पष्ट नहीं बता पाएंगे लेकिन इसकी जांच होनी चाहिए।

#### मारपीट जैसी घटना नहीं

मृतक सुंदर सुबह बैरक के बाहर आया और फिर भीतर गया। बिस्तर के पास जाकर अचानक अचेत हो गया। उसे तुरंत अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मारपीट जैसी कोई घटना नहीं है। मौत का कारण जांच के बाद ही पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

**-मनीष संभाकर,**
जेल एसपी दुर्ग

## नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पीडब्लूडी में नौकरी के लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 10 लाख रुपए ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 420,468,468,471,34 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि क्वाटर नंबर 24बी, सड़क 36, सेक्टर 04 निवासी अजय कुमार पटेल के पिता चिंतामणी पटेल बीएसपी कर्मी है। रामकुमार कोरी नामक व्यक्ति भी उनके सयंत्र में कार्यरत था। रामकुमार कोरी सेवानिवृत्त होने पर चिंतामणी को झांसे में लेकर अजय पटेल को पीडब्लूडी विभाग में नौकरी लगाने का झांसा दिया। इसके



- पीडब्लूडी विभाग के लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार किया

बाद राम कुमार कोरी ने पीड़ित को बताया कि बेटा सिद्धार्थ कोरी पीडब्लूडी विभाग में नौकरी करता है। सिद्धार्थ कोरी के द्वारा प्रगति नगर सड़क 11अ, मकान नंबर 16/03, ए. पी. शर्मा का मकान नेवई निवासी अभिजीत विश्वकर्मा नामक युवक से मुलाकात कराया। रामकुमार कोरी ने अभिजीत को पीडब्लूडी विभाग का बड़ा अधिकारी बताकर पीड़ित से मुलाकात कराया। नौकरी के लिए अभिजीत ने पीड़ित से 10 लाख रुपए का डिमांड किया।

बेटे की नौकरी के लिए पीड़ित चिंतामणी पटेल ने पहले 5 लाख रुपए और अलग अलग किस्तों में 5 लाख रुपए रामकुमार कोरी, सिद्धार्थ कोरी, अभिजीत विश्वकर्मा को दिया। सिद्धार्थ कोरी, अभिजीत विश्वकर्मा के द्वारा पीडब्लूडी विभाग का अजय कुमार पटेल के नाम नियुक्ति पत्र , परिचय पत्र का फर्जी पत्र दिया। पीड़ित ने जब पता किया तो उक्त पत्र फर्जी निकल गया। इस दौरान रामकुमार कोरी, सिद्धर्थ कोरी, अभिजीत विश्वकर्मा के द्वारा एक राय होकर पीड़ित को ठगी का शिकार बनाया है।

### निगम ने सुजुकी शोरूम को कराया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई क्षेत्र के विवादित अर्चना टावर में सुजुकी शोरूम का ऑफिस खुलने की जानकारी मिली । जिसे आयुक्त अशोक कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जोन के राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम द्वारा अपनी टीम के साथ जाकर बंद करवाया गया। सनद रहे की अभी अर्चना टावर में किसी प्रकार किसी प्रकार का उपयोग करना प्रतिबंधित है। अर्चना टावर से किसी भी प्रकार का अनुबंध करके व्यवसाय चलाना नहीं चलाया जा सकता है। आम नागरिकों को एवं व्यवसाईयों को भी सूचित किया जा रहा है कि कोई भी अनुबंध करने से पहले नगर निगम भिलाई के भवन में शाखा से अवश्य संपर्क करें।

# विवाद के बाद पत्नी की हत्या बोरे में भरकर रखा था शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विवाद के बाद पति ने अपनी ही पत्नी की गला घोटकर हत्या कर शव को बोरे में बंदकर मकान के पीछे रखने का मामला सामने आया है। खबर लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुची और शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया। पति के खिलाफ पुलिस ने हत्या का अपराध कायम किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 7 स्थित महाराणा प्रताप चौक से लगे बस्ती में आरती गोड और पति संजय गोड के साथ मायके में कुछ दिनों से रह रहे थे। गुरुवार की रात को संजय और आरती के मध्य जमकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि संजय ने आरती का गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दी। इसके अलावा आरती के सिर पर भी हमला किया था। जिससे उसकी मौत हो गई। आरती की मौत के बाद संजय ने घर में रखे बोरी में शव को भरकर मकान के पीछे रख कर कमरे में चला आया। शनिवार की सुबह चुपचाप संजय अपने घर रुआबांधा निकल गया। घटना की सारी जानकारी संजय ने अपने भाई को दी। संजय और उसका भाई भिलाई नगर थाने पहुंचकर स्वयं को सरेंडर किया। घटना को लेकर पुलिस आरोपी पति से पुलिस पूछताछ कर रही है। पति संजय शराब का आदी है प्राइवेट वर्क करता है। संजय और आरती की शादी को दस साल हो चुके है। दोनों के बच्चे भी है। हत्या का कारण फिलहाल अज्ञात है।

#### भिलाई नगर थाना क्षेत्र की घटना

#### मायके वालों तक को भनक नहीं लगी



बताया जा रहा है कि पति संजय हमेशा अपनी पत्नी के साथ विवाद करता था। घटना की रात भी संजय और आरती के बीच जमकर विवाद हो रहा था। जिसकी आवाज मायके वालों को हुई। लेकिन रोज विवाद होता सोच उस रात भी सभी चुपचाप सो गए। सुबह उठकर देखने पर पति संजय बिना बताए सीधे रुआंबाधा भाग निकला। शुक्रवार सुबह होते ही परिवार के लोग आरती को खोजने लगे।तब उसकी लाश की जानकारी संजय ने बताई कि मकान के पीछे बोरे में भरकर रखा हुआ है।

#### की जा रही पूछताछ

पत्नी की हत्या के मामले में पति को हिरासत में लिया गया है। पति से पुलिस पूछताछ कर रही है। अपराध कायम कर जांच में लिया गया है।गुरुवार रात की घटना बताई गई है।

**-सत्यप्रकाश तिवारी**
सीएसपी भिलाई नगर

### भिलाई निगम व रिसाली निगम में कार्यशाला आयोजित

# स्ट्रीट वेंडरों की आर्थिक स्थिति सुधारने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र स्टेशन मरोदा के स्ट्रीट फूड वेन्डर के लिए रिसाली नगर पालिक निगम ने कार्यशाला का आयोजन किया। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने स्ट्रीट वेन्डरों को बताया कि अपने पसरा, ठेला और गुमटी के आस पास स्वच्छता बनाए। खाने पीने के सामान को ढक कर रखे। अन्यथा निगम उन्हें दोषी मानते हर रोज जुर्माना वसूल करेगा।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्ट्रीट वेन्डरों को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा से जोड़ना है। निगम आयुक्त ने वेन्डरों के बीच ही कार्यशाला का आयोजन कराया। उन्होंने बताया कि वेन्डर अपने पास डस्टबीन रखे। वन टाइम यूज पॉलीथीन का उपयोग पूर्णतः बंद कर दे। गीला व सूखा कचरा मिक्स न दे और न ही कचरे को खुले स्थान में फेंके। निगम के डोर टू डोर कलेक्शन गाड़ी को ही कचरा दें। ऐसा नहीं करने पर पहली बार 500 और दूसरी या तीसरी बार में यह राशि



चार गुना तक वसूल की जाएगी। कार्यशाला में 60 से भी अधिक वेन्डर शामिल थे। निगम की ओर से सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा, पी.आई.यू. विजय कश्यप, आकाश मिश्रा आदि उपस्थित थे। स्वच्छता को पहले पायदान पर रखने वाले अरविंद चाय के संचालक को प्रमाण पत्र देकर आयुक्त ने सम्मानित किया। सिटी मिशन प्रबंधक आइरा आनंद व अरूणा धृतलहरे, सहायक परियोजना अधिकारी सुरेश देवांगन ने लोन की जानकारी दी।

#### वेंडरों को दिए ट्रेड सर्टिफिकेट

**भिलाई।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 के तहत भिलाई निगम सभागार में स्ट्रीट वेंडरो की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रमुख रूप से छोटे व्यवसाय करने वाले व्यवसायियो को अपने दुकानो एवं आस-पास के क्षेत्रो में गंदगी न फैलाने, स्वच्छता के संबंध में प्रचार-प्रसार करने एवं नागरिको को स्वच्छता के साथ खादय सामग्री वितरित करने की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे चलचित्र दिखाकर यह समझाया गया कि किस प्रकार से व्यवसाय करने से उन्हे अधिक आमदनी होगा। ग्राहक भी उनके दुकान पर अधिक आयेगे। खादय सामग्री स्वास्थ्य वर्धक रहेगी।

स्ट्रीट वेंडर को्र यह भी सिखाया गया कि हम सब साफ सफाई करते है गंदगी इधर-उधर नहीं फैलाते है सही साफ सुथरा कपड़ा पहनकर खादय सामग्री बनाते है



इससे सभी प्रकार के ग्राहक खिंचे चले आते है। सभी वेडरो को पहनने के लिए एप्रान, ग्लब्स, पोछने के लिए कपड़ा, सर में पहनने के लिए टोपी इत्यादि वितरित किया गया। वेंडर को उनके ट्रेड के अनुसार सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन से नोडल अधिकारी अनिल सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी अजय कुमार शुक्ला, सीईओ, सीआरपी आदि मौजूद थे।

## राज्यपाल रमेन आज आएंगे भिलाई में

**दुर्ग।** राज्यपाल रमेन डेका 21 सितम्बर को भिलाई आएंगे। प्राप्त



जानकारी के अनुसार राज्यपाल डेका 21 सितम्बर को अपरान्ह 1.30 बजे सड़क मार्ग द्वारा रायपुर से भिलाई के लिए प्रस्थान कर अपरान्ह 2.30 बजे पूर्व राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय के निवास 1/ए स्ट्रीट 7/बी, फेज-1 मैत्री नगर रिसाली पहुंचेंगे। राज्यपाल यहां से अपरान्ह 2:45 बजे सड़क मार्ग द्वारा राजभवन रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**7987328736, 7489348301**

# मतदाता सूची की समस्या सुनने टोल फ्री नंबर 1950 में साढ़े पांच घंटे होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार सामान्य निर्वाचन हेतु निर्वाचन नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान तथा मतदाता सूची से संबंधित किसी भी जानकारी के लिये मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर में स्थित टोल फ्री नंबर 1950 में कार्यालयीन दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सायंकाल 05.30 बजे तक की अवधि में संपर्क कर सकते हैं। जिसके अनुसार बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे का कार्य 20 अगस्त से प्रारंभ किया गया है, जो 18 अक्टूबर 2024 तक किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 को किया जायेगा। 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक कार्यालयीन दिवसों में सभी मतदान केन्द्रों में दावा-आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा। दावा आपत्ति के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण उपरांत निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 सोमवार को किया जाएगा। विशेष अभियान दिवस के तहत 09 नवम्बर शनिवार, 10 नवम्बर रविवार एवं 16 नवम्बर शनिवार और 17 नवम्बर रविवार को भी दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा। सतत अद्यतीकरण के तहत, मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने एवं संशोधन के लिये कार्यालयीन दिवस में किसी भी दिन तहसील कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। 01 जनवरी 2025 को जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो गई है वे प्रारूप-6 में आवेदन प्रस्तुत कर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

## कलेक्टर ने सभाकक्ष में बैठक लेकर राजनीतिक दलों को दी जानकारी

### प्रारूप सात के जरिए नाम विलोपन

मतदाता सूची से नाम विलोपन हेतु प्रारूप 07 में, मतदाता सूची की प्रविष्टियों में सुधार के लिये तथा एक ही विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थानांतरण की दशा में प्रारूप 08 में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। स्वच्छ एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने में बी.एल.ओ. के सहयोग हेतु मतदान केन्द्रवार बी.एल.ए. नियुक्त करने हेतु अनुरोध किया गया। पुनरीक्षण के समय प्राप्त दावे आपत्ति की सूची वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगी। सूची में आपत्ति होने पर संबंधित निर्वाचक, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।



### नाम जोडने, काटने आनलाइन आवेदन

मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने, संशोधन एवं स्थानान्तरण के लिये वोटर्सडाटईसीआईडाटजीओभीडाटइन पोर्टल, वोटर हेल्पलाईन एप के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है तथा मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। इसमें 1 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष या अधिक आयु की व्यक्ति विधानसभा की नामावली में भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट पर वोटर सर्विस पोर्टल वोटरडाटईसीआईडाटजीओभीडाटइन में ऑनलाईन आवेदन कर नाम जुड़वा सकते हैं। ठीक इसके बाद निकाय, पंचायत की मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### 12 से 23 सितंबर तक वजन त्योहार का आयोजन

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले में 01 से 30 सितम्बर 2024 तक राष्ट्रीय पोषण माह 2024 एवं 12 से 23 सितम्बर तक वजन त्यौहार 2024 का आयोजन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोजन के अंतर्गत एन्ट्री की मॉनिटरिंग एवं अन्य व्यवस्थाओं हेतु सेक्टरवार कुल 59 नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। नियुक्त नोडल अधिकारियों को राष्ट्रीय पोषण माह 2024 एवं वजन त्यौहार 2024 के तहत समयावधि में आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर गूगल फॉर्म में प्रतिवेदन की एंट्री करना सुनिश्चित करने कहा गया है।

### चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को नियुक्त करने की मांग

दुर्ग। स्व पांडुरंग राम राव डोंगावकर जिला चिकित्सालय में समीपस्थ जिला से चिकित्सा लाभ के लिए आते हैं। चतुर्थ श्रेणी के कार्मिकों की कमी के चलते वार्ड आईसीयू एवं अन्य विभागों के कार्यों में व्यवधान पड़ता है। इसलिए चतुर्थ श्रेणी के कार्मिकों की नियुक्ति की मांग के लिए ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर व प्रशांत डोंगावकर ने सिविल सर्जन प्रभार डॉ अखिलेश यादव को दिया गया।



### निधन

### कुमेश कुमार सेन

दुर्ग। ग्राम देवरी (ख) बालोद निवासी कुमेश कुमार सेन का 18 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शिवकुमार सेन के पुत्र व डिम्पी, हियांश के पिता थे।

## लापरवाही : मार्च में टेंडर होने के बाद भी सेग्रीगेशन प्लांट नहीं लगा पा रहा निगम

# महमरा नदी रोड किनारे निगम कर रहा सैकड़ों ट्रक कचरा डंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

घरों से निकलने वाले कचरों को डंप करने के मामले में एक बार फिर निगम प्रशासन निशाने पर है। नियम कायदों को ताक पर रखकर हरे-भरे इलाको में कचरा डंप किया जा रहा है। गंज चौक से महमरा नदी की ओर जाने वाले मार्ग में हरियाली बिखरने की तैयारी की जा रही है। यहां लक्ष्मण झूले से लेकर मनोरंजन स्पाट बनाने जैसे प्रोजेक्ट लाने वाली निगम यहां कचरा डंप करने पर उतारू है। जबकि यह पूरा इलाका बाढ से डूब जाता है।

नगरनिगम द्वारा जिस जगह कचरा डाला जा रहा है, वही आगे शिवनाथ नदी है। शिवनाथ नदी किनारे प्लांट से पीने का पानी दुर्ग और भिलाईवासियों को सप्लाई किया जाता है। उल्लेखनीय है कि, इससे पहले नगरनिगम दुर्ग द्वारा पुलगांव नाला के पास स्थित गौठान में कचरा डंप किया जा रहा था। लेकिन यहां संक्रमण और बाढ से कचरा भिगने के बाद निगम ने व्यवस्थित जगह खोजने के बजाय फिर से डूबान एरिया में सैकडों ट्रक कचरा डंप करा रही है। इससे पहले नगरनिगम पुलगांव गौठान के पास वन विभाग की जमीन पर कचरा डंप कर रही थी। लेकिन यहां पौधरोपण किए जाने के बाद निगम ने पुलगांव नाला स्थित गौठान को चुना था। लेकिन जिला प्रशासन के दखल के बाद निगम ने नदी रोड को कचरा डंप करने का ठिहा बनाया है। इस तरह निगम प्रशासन द्वारा ग्रीन लैंड जैसे इलाको में कचरा डंप कर एनजीटी के नियमों का धत्ता बता रही हैं। निगम जिस जगह कचरा डंप कर रही है, वही पास में जैन मंदिर भी है। ऐसे में सार्वजनिक इलाके में इस तरह कचरा डंप करने से संक्रमण का खतरा बढ सकता है।

### निगम ने शहर के विभिन्न चौक चौराहों को बना रहा अघोषित ट्रैचिंग ग्राउंड

**खास बातें**

- शहर में आय दिन कचरों का लग रहा ढेर
- निगम प्रशासन नही निकाल पा रही ठोस विकल्प
- कचरा डंप करने से संक्रमण का बढ़ रहा खतरा
- डूबान एरिया में हो रहा कचरा डंप




### प्लांट तक नहीं लगा पा रही निगम

कचरों का निष्पादन करने के लिए निगम सेग्रीगेशन प्लांट लगाने का पिछले लंबे समय से राग अलाप रही है। लेकिन अब तक कचरों के निष्पादन करने ठोस प्लानिंग ही नही बना सकी है। निष्पादन करने प्लांट नही लगने के चलते कचरा फेंकने आज इस ओर कल उस ओर जैसी स्थिति निगम प्रशासन की हो गई है और इस चक्कर में शहर में संक्रमण का खतरा बढ रहा है। पोटियाकला वार्ड 54 में प्लांट लगाने निगम द्वारा रायपुर की एक कंपनी को टेंडर भी जारी कर दिया गया है। लेकिन वार्डवासियों के विरोध के आगे निगम प्रशासन बैकफूट पर है।

### रोजाना 80 टन कचरा का निपटारा चुनौती

दुर्ग शहर के साठ वार्डो में रोजाना गीला कचरा 47 टन और सूखा कचरा 34 टन निकलकता है। घर, दुकान और सार्वजनिक संस्थानों से लिए गए इन कचरों को शहर में बनाए गए दस एसएलआरएम सेंटर में छंटाई के बाद वेस्ट कचरे को डंप किया जाता है। इन्ही कचरों का निष्पादन निगम प्रशासन के लिए चुनौती है। मार्च माह में सेग्रीगेशन प्लांट लगाने का टेंडर होने के बाद भी निगम अब तक हल नही खोज पाई है। जबकि स्वच्छता अभियान का आंकलन शुरू हो गया है। ऐसे में निगम को रैकिंग से भी हाथ धोना पड सकता है।

### प्लांट से निदान

प्लांट लगने के बाद शहर से निकलने वाले कचरों का निपटारा हो जाएगा। प्लांट नही लगने के कारण कचरों को अलग अलग जगह डंप करना पड रहा है।

**-लोकेश चंद्राकर**, आयुक्त, नगरनिगम दुर्ग

## विधायक ने विकास कार्यों में तेजी लाने अफसरों की ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

आगामी दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दुर्ग शहर में भूमिपूजन के जरिए सौगात दे सकते है। इसके पहले विधायक गजेन्द्र यादव ने शुक्रवार को निगम के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर विकास कार्य तेजी से किए जाने के निर्देश दिए है, वहीं व्यक्तिगत तौर पर इंजीनियरों को जिम्मेदारी देने कहा है। आयोजित बैठक में प्रत्येक छोटे-बड़े कार्यो की बारी-बारी से समीक्षा की गई। सामाजिक भवन, सामाजिक भवन, पालिका बाजार सहित बड़े कार्यों में सहायक अभियंता को व्यक्तिगत तौर पर दायित्व सौंपने कहा गया। बैठक में विभिन्न वार्डों में सीमेंटीकरण सड़क और नाली निर्माण कार्य की बारीकी से समीक्षा कर अधोसंरचना मद के कार्य की जानकारी लिए। इस दौरान मुख्यमंत्री के दुर्ग प्रवास पर तैयारियों को लेकर दिशा निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में विधायक गजेंद्र यादव ने अपनी निधि से प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने अपनी निधि से स्वीकृत 40 लाख राशि की जानकारी देते शीघ्र ही बल्ब व उपकरण खरीदी कर नवरात्रि पूर्व लाइट लगाने निर्देश दिए। निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लिए। इस दौरान इंजिनियरो ने तकनीकी समस्या अवगत कराने पर अन्य विभागीय अधिकारियो से सामंजस्य बनाकर कार्य कराने निर्देश दिए। भूमिपूजन पश्चात प्रारंभ हो चुके कार्यों तय समय में पूर्ण कर जनता सौंपने कहा ताकि, जनता को सौगात मिल सके।

- विकास कार्य को लेकर ली समीक्षा बैठक

### अधोसंरचना मद की ली गई जानकारी

बैठक में अधोसंरचना मद से जारी 5 करोड़ की राशि से निमार्ण कार्य के प्रगति की जानकारी लेकर भवन बनाते समय सड़क से दूरी व भविष्य में सड़क चैड़ीकरण व नाली निर्माण आदि में परेशानी न हो इसे देखते हुए बनाते समय ध्यान रखने कहा। विधायक श्री यादव ने 18 अलग अलग समाजों के लिए स्वीकृत भवन निर्माण, मंदिर निर्माण, जागिंग ट्रेक, बैडमिंटन गाउण्ड, मुक्तिधाम निर्माण की जानकारी सहायक अभियंता से ली। निगम के सभी इंजीनियरों से चल रहे निर्माण कार्य की सतत मानिटरिंग करने और निर्माणी एजेंसी व ठेकेदार से संपर्क बनाए रखते हुए गुणवत्तापूर्ण व तय समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने कहा।

### लंबित मांगों का बनेगा प्रस्ताव

इसके अलावा राज्य शासन से लंबित मांग से संबंधित प्रस्ताव को जल्द ही पूरा करने कहा ताकि शासन से शहर की जनता की सहुलियत बढ़ाने उन कार्यों को भी स्वीकृति दिलाई जा सके। निगम के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं उपअभियंता के साथ बैठक में विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि, शीघ्र ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन के लिए दुर्ग प्रवास पर आएंगे उसकी तैयारियों को लेकर निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

## आरसीएस कॉलेज में नेल आर्ट प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



दुर्ग। सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 20 सितंबर को धानी नेल सैलून एंड एकेडमी के सहयोग से विद्यार्थियों एंव प्राध्यापकों के लिए एक दिवसीय नेल आर्ट प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्था के संचालक श्रीमती मीना पालीवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को नेल आर्ट का प्रषिक्षण दिया। कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों को नाखूनों के प्रकार, ब्रश एवं टूल्स आदि की जानकारी, नाखूनों की देख-भाल, नाखूनों को बढ़ाना व शेप देना, ड्राईमेनीक्योर, जेल एप्लीकेशन और प्रोफेशनल पोर्टफोलीयो बनाने का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. पूजामल्होत्रा एंव श्रीमती मीना पालीवाल ने मां सरस्वती की माल्यार्पण एंव दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने कार्यशाला का उद्देश्य बताते हुए कहा कि कि विद्यार्थियों के लिए अध्ययन-अध्यापन के साथ-कौषल विकास के लिए भी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाये ताकि छात्र-छात्राएं अपने जीवन में इस कौशल का प्रयोगकर लाभान्वित हो सके।

## स्वच्छता ही सेवा : सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच, बांटी गई दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

स्वच्छता जागरूकता अभियान स्वच्छता ही सेवा के तहत निगम परिसर स्थित मोतीलाल वोरा सभागार पर सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांचकर उन्हें दवा वितरित किया गया। शिविर का आयोजन राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत निगम में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के आयोजन में स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया।

- शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर आदि की हुई जांच



शिविर में विभिन्न जांच जैसे रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर जांच, स्वास्थ्य जांच, शुगर जांच, सिकलिन जांच, हिमोग्लोबिन जांच, एच आई वी जांच एवं आयुष्मान कार्ड आदि की जांच की गई। शिविर में महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, पीआईयू कुणाल, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही ने भी अपना स्वास्थ्य जांच करवाई। डॉ सीबीएस बंजारे, डीएचओ सुरेश जैन, पार्षद उषा ठाकुर आदि मौजूद रहे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• ELECTRICIAN
• FITTER 2 Year (10th Pass)
DHANORA
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम धनोरा जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## यात्रा में फिर से सीनियर सिटीजन को मिले लाभ, चलाएं पैसेंजर ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन द्वारा रेलवे में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए रेल मंत्री के नाम स्टेशन मास्टर दुर्ग को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान उन्होने आम लोगों की समस्या से जुडी मांगों को तत्काल लागू किए जाने का उल्लेख किया है।

- रेलमंत्री के नाम स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में रेलवे के सभी खाली पड़े पदों को तुरंत भरने व मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में जनरल कोच और स्लीपर कोच बढ़ाने, सीनियर सिटीजन को मिलने वाली रियायत फिर से शुरु करने, प्रिमियम तत्काल के नाम पर जबरन वसूली बंद करने तथा कैंसिलेशन चार्ज कम और प्रवासी श्रमिकों के लिए जनसाधारण ट्रेनों की संख्या बढ़ाने, दुर्ग से रायपुर एवं रायपुर से दुर्ग के अलावा दुर्ग से राजनंदगांव और राजनांदगांव से दुर्ग अधिक से अधिक पैसेंजर ट्रेन चलाई जाने की मांग की गई है। वहीं रेलवे में काम करने वाले सभी ठेका व संविदा कर्मचारियों को रेलवे में नियमित नियुक्ति अविलंब की जाए। सभी रेलवे स्टेशनों में अधिक से अधिक टिकट काउंटर खोला जाए। रेलवे का निजीकरण व व्यवसायिकरण रद्द करने की मांग की है। युवा संगठन एआईडीईओ के द्वारा पूरे देश भर में रेलवे की विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय प्रोटेस्ट दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। भारतीय रेल हमारे देश की आम जनता की आवागमन का एक मुख्य साधन है। ज्ञापन देने के प्रतिनिधि आत्माराम साहू, पूजा सागर, अंजू भारती, देवेंद्र पाटिल, तिरित साहू, पूनम यादव लता सामले व लीना शामिल थे।




### मोहित की स्मृति में हुआ चेंदरीबन नवागांव में न्योता भोज

जेवरतला रोड़। शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला चेंदरीबन नवागांव में स्व. मोहित कुमार देवांगन की स्मृति में धर्मपत्नी जीतनबाई देवांगन, बेटी-दामाद पूर्णिमा देवांगन, अशोक देवांगन, मोनिया देवांगन, अशोक देवांगन द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोज के तहत गुणवत्तापूर्ण खीर, पुड़ी खिलाया गया।

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बोरी मे कार्यालय संयुक्त संचालक छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बार्ड द्वारा निर्मित 05 नग व्यवसायिक परिसर का साइज 5x5 मीटर एवं बरामदा की साईज 2x3 मीटर (बडा दुकान) तथा 10 नग छोटा दुकान साईज 3x4 मीटर बरामदा का साईज 2x3 मीटर को ग्राम पंचायत बोरी के मासिक बैठक दिनांक 19/09/2024 पारित प्रस्ताव क्रमांक 02 के अनुसार निम्नलिखित शर्तो के साथ आवेदन आमंत्रित किया जाता है। 1. उक्त व्यवसायिक परिसर आबंटन हेतु आवेदन सादे कागज मे पूर्ण पता सहित 10 नग छोटे दुकान प्रति नग हेतु आमानत राशि 30000 रु का एफ.डी. छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक का ग्राम पंचायत बोरी के नाम से बना कर जमा करना होगा।, 2. 05 नग बडे दुकान मे से प्रति नग हेतु आवेदन आमानत राशि 50000 रु का एफ.डी. छ.ग. राज्य ग्रामीण बैक का बना कर जमा करना होगा।, 3. आवेदक,या आवेदक के परिवार ग्राम पंचायत बोरी का बकाया दार ना हो।, 4. आवेदक बाजार चौक मे अवैध कब्जा धारी ना हो यदि हो तो अवैध कब्जा छोडना पडेगा।, 5. 10 नग, छोटे व्यवसायिक परिसर का प्रति माह किराया 500 रु तथा 05 नग बडे दुकान का प्रति माह किराया 700 रु दर से देना होगा तथा प्रत्येक तीसरे वर्ष के बाद 10 प्रतिशत अधिक किराया देना होगा।, 6. दुकान प्राप्तकर्ता स्वंय के व्यय से बिजली की व्यवस्था करेगा तथा दुकान मे आनावस्यक तोड फोड नही करेगा।, 7. आवेदक को पुर्व मे ग्राम पंचायत बोरी से दुकान प्राप्त ना हो।, 8. आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 07/10/2024 को शाम 05 बजे तक होगा। 9. दुकान प्राप्तकर्ता 03 दिवस के अन्दर दुकान संचालित कर 50 रु के स्टाम पेपर मे शपथ पत्र ग्राम पंचायत बोरी मे देना होगा।, 10. किसी भी विवाद की स्थिति मे दुकान आबंटन निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत बोरी को होगा।, 11. उक्त दुकानो का नम्बरीकरण ग्राम पंचायत बोरी द्वारा दुकान के सामने खडा होकर बायां से दायां बढते क्रम मे किया जायेगा।, 12. बीच-बीच मे ग्राम पंचायत बोरी द्वारा दिये गये निर्देशो का पालन दुकान प्राप्तकर्ता को करना होगा।, 13. जिस आवेदक को दुकान प्राप्त होगा उसका एफ.डी. ग्राम पंचायत मे जमा हो जायेगा तथा दुकान नही मिलने पर एफ.डी. आवेदक को वापस हो जायेगा।

दिनांक - 19/09/2024

सरपंच
ग्राम पंचायत-बोरी वि.ख-धमधा, जि. दुर्ग (छ.ग.)

## बिजनेस साइट

### एसेट आवंटन के माध्यम से अधिकतम वित्तीय योजना



**नीरज खार्या**
एचयूएफ, म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर भिलाई

**भिलाई।** वर्षों पहले, अरुण नाम के एक कुशल नाविक ने समुद्र के पार एक एकल यात्रा शुरू करने का फैसला किया और रवाना होने से पहले, उसने भोजन, पानी, नेविगेशन उपकरण, सुरक्षा गियर और बैकअप ईंधन आपूर्ति के सही मिश्रण के साथ अपनी नाव को सावधानीपूर्वक संतुलित किया। जब बीच में तूफान आया तो अरुण की संतुलित तैयारी अमूल्य साबित हुई। लहरों के उतार-चढ़ाव वाले समुद्र के बावजूद, उनकी नाव स्थिर रही और वह तूफान से सुरक्षित निकल गया। यदि उसने केवल ईंधन भर लिया होता या सुरक्षा गियर की उपेक्षा की होती, तो परिणाम बहुत भिन्न हो सकते थे।

निवेश करना काफी हद तक अप्रत्याशित पानी में नौकायन करने जैसा है। सही संतुलन - काफी हद तक अरुण की सावधानीपूर्वक रखी गई नाव की तरह - एक वित्तीय तूफान से निपटने और पलटने के बीच अंतर पैदा कर सकता है। यह एसेट आवंटन का सार है - इक्विटी, बांड, रियल एस्टेट और सोना सहित विभिन्न एसेट वर्गों को संतुलित करना, यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपकी वित्तीय स्थिति स्थिर बनी रहे, चाहे बाजार का मौसम कुछ भी हो।

दरअसल, एक व्यक्ति के रूप में, वित्तीय योजना बनाने का सबसे अच्छा तरीका एसेट आवंटन है, जो आपके व्यक्तिगत निवेशक प्रोफाइल के साथ मेल खाता है। आपकी प्रोफाइल में आपकी जोखिम उठाने की क्षमता, रिटर्न आवश्यकताएं, समय सीमा और निवेश लक्ष्य जैसे पहलू शामिल हैं। उदाहरण के लिए, यदि आपका समय सीमा 10 वर्ष नीचे है, और आप वर्तमान में अपने चरम पर हैं, आपके सामने 10-15 वर्ष और काम हैं, तो आप अपने फंड का एक बड़ा हिस्सा उच्च जोखिम उच्च रिटर्न वाली एसेट्स के लिए आवंटित कर सकते हैं। इक्विटी की तरह, सोने और बांड जैसी सुरक्षित - एसेट्स के लिए आवंटन कम रखें, और बाजार बदलने पर इसके विपरीत करें। यह आपको विभिन्न बाजारों की ग्रोथ में शामिल होने का मौका देगा, साथ ही प्रभावी डायवर्सीफिकेशन के माध्यम से जोखिम को भी कम करेगा।

आम निवेशकों के लिए, अपने दम पर एसेट आवंटन करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। एक आसान समाधान आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट एलोकेटर फंड (एफओएफ) जैसे एसेट एलोकेटर म्यूचुअल फंड में निवेश करना है, जो मुख्य रूप से इन-हाउस वैल्यूएशन मॉडल के आधार पर इक्विटी, डेट और गोल्ड म्यूचुअल फंड योजनाओं / ईटीएफ के बीच निवेश करता है। 30 अगस्त, 2024 तक, फंड ने 22.28 प्रतिशत का एक साल का रिटर्न दिया, जिसमें 3 साल का सीएजीआर 14.02 प्रतिशत और 5 साल का सीएजीआर 15.21 प्रतिशत था। साथ ही, बजट 2024 में पेश किए गए नए टैक्सेशन नियमों के तहत, इस फंड के लिए लॉन्गटर्म पूंजीगत लाभ पर अब 12.5 प्रतिशत की निश्चित दर से कर लगाया जाता है। निवेशक कम से कम 24 महीने तक फंड को पकड़कर, अपने कर- पश्चात रिटर्न को अनुकूलित करके इसका लाभ उठा सकते हैं।

## निधन

### बसंत दुबे

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक



बसंत दुबे का निधन 20 सितम्बर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास 9 ए, सड़क 16, सेक्टर 10, भिलाई से 21 सितम्बर को सुबह 9 बजे निकलेगी। अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी, दुर्ग मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे स्व. सरजू प्रसाद दुबे के पुत्र, मीना दुबे के पति, सव्यसाँची दुबे एवं डॉ. श्रुति दुबे के पिता और डॉ. आशुतोष द्विवेदी एवं श्वेता दुबे के ससुर थे।

### अजय कुमार यादव

**भिलाई।** कचान्दुर निवासी अधिवक्ता अजय कुमार यादव उम्र



39 वर्ष का आकस्मिक निधन शुक्रवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे पत्रकार व पूर्व जनपद सदस्य और सभापति जनपद पंचायत दुर्ग पन्ना लाल यादव के बड़े पुत्र थे।

### रघुनंदन लाल श्रीवास्तव

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य कायस्थ महासभा के महासचिव एवं दुर्ग



कायस्थ सभा के संरक्षक तथा शिक्षक नगर दुर्ग निवासी रघुनंदन लाल श्रीवास्तव का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 21 सितम्बर को 11 बजे उनके निवास स्थान शिक्षक नगर दुर्ग से हरनाबांधा दुर्ग मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुमित श्रीवास्तव व सचिन श्रीवास्तव के पिता थे।

### सुमित्रा मिश्रा

**भिलाई।** नेहरू नगर पूर्व निवासी



सुमित्रा मिश्रा उम्र 90 वर्ष का निधन 20 सितंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 सितंबर को बनारस में किया जाएगा। वे हितेन्द्र मिश्रा की मां एवं केपीएस ग्रुप के चेयरमेन एमएम त्रिपाठी, आनंद त्रिपाठी, प्रमोद त्रिपाठी की सासु मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए हैं।

### अनुभव त्रिपाठी

**भिलाई।** अनुभव त्रिपाठी उम्र 41



वर्ष का निधन 20 सितंबर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार बनारस में 21 सितंबर को किया जाएगा। वे केपीएस ग्रुप के सचिव प्रमोद त्रिपाठी के पुत्र एवं एमएम त्रिपाठी, आनंद त्रिपाठी के भतीजे थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए हैं।

### कोलिहापुरी व पीसेगांव में नवीन विकास कार्यों की दी सौगात

# लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए निरंतर विकास करेंगे: विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोलिहापुरी और पीसेगांव में आयोजित नवीन विकास कार्यों की भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल होकर विभिन्न मदों से निर्मित होने वाले विकास कार्य की आधारशिला रखी। विकास कार्य ग्राम कोलिहापुरी स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी के पास ब्लॉक टाइल्स लागत राशि 4.30 मुख्यमंत्री अधो संरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण मद मेन रोड से हाट बाजार तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत राशि 5.84, मंडी समिति सार्वजनिक मंच एवं टाइल्स का कार्य लागत राशि 10.00 लाख रूपये विधायक निधि, पीसेगांव नाली निर्माण संतोष निषाद के घर से देवा निषाद के घर तक लागत राशि 4.30 लाख रूपये आधोसंरचना से निर्माण कार्य की शुक्रवार को पूजा अर्चना के साथ आधार शिला रखी।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश, सरपंच ज्वाला देशमुख, जनपद सदस्य ज्ञानेश्वर विक्की मिश्रा, बूथ अध्यक्ष दिनेश साहू, बूथ अध्यक्ष लेख राम साहू,

**भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक चंद्राकर**



चैतराम पारकर, श्रीराम निषाद, घनेश निषाद, गोपी साहू, विष्णु साहू, विक्रम विश्वकर्मा, श्रवण निषाद, सरपंच गुलाब बांधे, गोकर्ण बेलचंदन, नरेश देशमुख, लखन बंजारे, एनडी डहरे, भुवनेश्वर ठाकुर, गजाधर ठाकुर, सतीश ठाकुर, रेखा लाल देशमुख, हिरण बाई देवांगन, अनीता देशमुख, अंजनी निषाद, नैन दास, गंगाधर यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराते हुए विकास करेंगे। विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव के समय ग्राम वासियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया था उसके हिसाब से क्षेत्र के सभी ग्रामों में प्राथमिकता क्रम में विकास कार्य किया जा रहा है। अति आवश्यक कार्य को पहले दिया जा रहा है क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए पैसा की कमी नहीं होगा। आप सब ने प्यार व आशीर्वाद देकर क्षेत्र के विकास के लिए मुझे विधायक बनाए हो तो मेरा भी कर्तव्य बनता है कि क्षेत्र का विकास हो और हमारा विधान विधानसभा क्षेत्र एक माडल के रूप में विकसित हो और मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने को पूरा करे । हमारी सरकार का एक ही लक्ष्य है अन्तिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति तक विकास पहुंचाना। वहीं हम फिर से भारत को विश्व गुरु और सोने की चिड़िया बना सके। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव की सरकार बनते ही विकास कार्यों में गति आई है। भारतीय जनता पार्टी जो कहती हैं वो कर के दिखाने वाली पार्टी है। छत्तीसगढ़ में भाजपा विष्णु देव की सरकार बनते ही सरकार द्वारा बड़े निर्णय लिए गए। 'मोदी की गारंटी' संकल्प पत्र के अनुरूप कार्य करते हुए साय की सरकार ने मात्र 6 महीने में ही 3100 प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी की, 2 साल का बकाया बोनस 3716 करोड़ किसानों के खातों में पहुंचा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए पक्के आवास की स्वीकृति दी, महतारी वंदन योजना से 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों को प्रति माह 1000 की सहायता राशि सुनिश्चित कर प्रदेश की सरकार ने अद्भुत कार्य किया है।

## राजस्व सलाहकार समिति की हुई बैठक



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के राजस्व सलाहकार समिति की बैठक एमआई कक्ष में शुक्रवार को शीजू एन्थोनी प्रभारी अध्यक्ष एवं सदस्य एवं अभय कुमार सोनी, राजेश चौधरी, गिरिजा बंछोर, सुरेश वर्मा वीणा चंद्राकर, एमएस सोरी, नितेश मेश्राम, शंकर सुमन मरकाम, पुरूषोत्तम सिंह, ओंकार यादव उपस्थिति में बैठक में चर्चा किया गया। जिसमें सुपेला नुर मस्जिद से निजामी चौक तक रोड का नामकरण डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम से नामकरण, विभिन्न समाजों के लिए भूमि आबंटन, अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय के लिए एवं अन्य विषयों पर संकल्प पारित किया गया।

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर व आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेलूद में गुणवत्ता की जांच व निरीक्षण करने के लिए आंध्रप्रदेश से कृष्ण प्रसाद नेफा व महाराष्ट्र से डॉ. मनीष एम. शर्मा

- **स्वास्थ्य सुविधा व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का किया जांच**

आये थे। जिन्होने आरोग्य मंदिर सेलूद की गुणवत्ता की जांच सुबह 10 से 5 बजे तक गहन निरीक्षण किया। स्वास्थ्य सुविधा व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का गहन जांच किया। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य का



बेहतरीन ढांचा तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। जिससे लोगों को इलाज की सुगम सुविधा उपलब्ध हो सके। डॉक्टरी का पेशा सेवा का कार्य है। डॉक्टरों को धरती में भगवान का रूप भी कहा जाता है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सेलूद से संबंधित जानकारी संस्था प्रमुख सामुदायिक स्वास्थ अधिकारी जायसी व आरएचओ वंदना चौधरी द्वारा दिया गया। जिसमें संस्था में होने वाले सभी प्रकार के जांच व सुविधा की जानकारी उपस्थित अधिकारियो को दिया गया। इस अवसर पर भुनेश्वर कठौतिया पाटन बीएमओ बीपीएम, पूर्णम साडू सीएमएचओ दुर्ग, डॉ. दानी सीएमएचओ खैरागढ़, डॉ. माशीष शर्मा, जोइसी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, आरके टंडन आदि उपस्थित थे।

## हितग्राहियों को प्रदान की गृह प्रवेश की चाबी और पूर्णता प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



छत्तीसगढ़ शासन, नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय द्वारा दिए निर्देशानुसार 17 सितंबर 2024 को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के हितग्राहियों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद कुम्हारी के सभाकक्ष में किया गया। उक्त कार्यक्रम में निकाय क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत 445 हितग्राहियों को गृह प्रवेश की चाबी एवं पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद कुम्हारी के अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, लोकेश साहू नेता प्रतिपक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद थवानी, भाजपा कुम्हारी मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, पार्षदगण रागिनी निषाद, जानकी ध्रुव, विनोद बंजारे, ओंकार मार्कण्डेय, प्रमोद राजपूत, मनहरण यादव, पीएन दुबे, मिथिलेश यादव, सुजीत यादव, प्रणव श्रीवास्तव, अश्वनी देशलहरे, मनोज वर्मा, रामकुमार सोनी, अवधेश शुक्ला, आशीष शुक्ला, सौरभ पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

## अतीत के दर्पण में भविष्य संवारने पालक और विद्यार्थी चिंतन मनन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

लेखन और वाचन से दूर हो रहे युवा पीढ़ी को सुदृढ़ शसक्त बनाने के लिए प्राथमिक शाला में ही नींव मजबूत करने की अभिनव पहल में शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हली के चिंतक विचारक प्रधान पाठक छन्नू लाल साहू ने जन मानस से आव्हान किया।



समाज को संस्कारित बच्चे नागरिक देने में तन-मन-धन से सहयोग करे। हेडमास्टर की आवाज स्कूल के पूर्व छात्र लोको पायलट उत्तम साहू तक भी पहुंची। उत्तम साहू ने विद्यालय विकास के लिए 10 हजार रुपए प्रदान किए। शासकीय प्राथमिक हेडमास्टर सीएल साहू एवं मिडिल हेडमास्टर प्रभा सिंह की इस अभिनव पहल की सर्वस्त्र सराहना हो रही है। वहीं पूर्व छात्र लोको पायलट उत्तम साहू ने कहा कि शासन तो विकास के लिए प्रयास करती है लेकिन इसके बावजूद संस्था के विकास में समाज की जरूरत दिखती है तो हाथ आगे बढ़ाना चाहिए। शासन की राह देखते अपने नन्हे मुन्नों की जिंदगी खराब नही होने दे। कदम बढ़ाते जाएं कारवां बनना तय मानिए। हेडमास्टर की चिंतन सराहनीय है।

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**राजस्व मामले में नोटिस**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र..........
ग्राम लाखासार प.ह.नं. 32
तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

प्रति, सनपत सोनी उर्फ शत्रुहन सोनी जाति सोनार निवासी ग्राम लिटिया जिला दुर्ग (छ.ग.)

संजय सोनी बनाम
सनपत सोनी उर्फ शत्रुहन सोनी

एतद् द्वारा ग्राम लाखासार प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय सोनी पिता गनपत सोनी निवासी ग्राम लाखासार तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम लाखासार प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित पट्टाशुदा भूमि/ मकान ख.नं. 1695/3 में से 142 व.मी. स्थित है । उक्त भूमि/ मकान पर सनपत सोनी अतिक्रमण कर सन् 2022 में आकर सरपंच एवं पुलिस के बल द्वारा मकान को खाली करा दिया गया है। उक्त संबंध में तत्काल उचित कार्यवाही किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधिन है जिसमे दिनांक 25/09/2024 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दाव आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 5/9/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तखतपुर

## आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया वजन त्योहार



**उतई।** नगर पंचायत उतई क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 में स्थापित आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्योहार कार्यक्रम के तहत बच्चों का ऊंचाई एवं वजन नापा गया। सभी बच्चे अपने उम्र के हिसाब से स्वस्थ एवं तंदुरुस्त पाए गए। वजन त्योहार में पार्षद प्रहलाद वर्मा, वीरेंद्र गोस्वामी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता माधुरी ठाकुर, नागरिक गन मुकेश साहू, सुमन साहू, भारती वर्मा, दीपमाला गोड, प्रियंका, हेमकुमारी, गंगा ढीमर सहित सभी बच्चों की माताएं एवं आंगनबाड़ी सहायिका अनीता सेन उपस्थित थीं।

**बिजनेस साइट**

## नारायण गुरु के समाधि दिवस पर योगदान को किया याद

**भिलाई।** नारायण गुरु के 96 वें समाधि दिवस पर शुक्रवार को इस दूरदर्शी दार्शनिक, समाज सुधारक और आध्यात्मिक नेता के अद्वितीय योगदान को नमन किया गया। उनके अनुयायी सजिव सुधाकरण ने बताया कि नारायण गुरु की शिक्षाएं आज भी एक अधिक समावेशी और सामंजस्यपूर्ण समाज को प्रेरित करती है और उनकी विरासत वर्तमान समय में भी अत्यंत प्रासंगिक है। 28 अगस्त 1856 को केरल के चेम्पाझंथी में जन्मे, श्री नारायण गुरु ने अपना जीवन समाज के उपेक्षित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने साहसपूर्वक गहरे सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी, जातिगत भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया और शिक्षा को सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण साधन माना। समाज न्याय के प्रति गुरु की अदम्य प्रतिबद्धता को दर्शाने वाली एक उल्लेखनीय घटना उनकी 'अरुविप्पुरम प्रार्थना सभा' आंदोलन थीं। 1888 में, उन्होंने अरुविप्पुरम में एक प्रार्थना स्थल की स्थापना की, जहाँ सभी जातियों और पृष्ठभूमियों के लोग एक साथ पूजा कर सकते थे। इस साहसी पहल ने रूढ़िवादी वर्गों में व्यापक विरोध पैदा किया, लेकिन गुरु अडिग रहे और अंततः समाज सुधार के लिए मार्ग प्रशस्त किया। गुरु ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में देखा और कई स्कूलों और शैक्षिक संस्थानों की स्थापना की। उनका मानना था कि ज्ञान ही अज्ञानता और उत्पीड़न से मुक्त होने का साधन है। ऐसे ही एक संस्थान, श्री नारायण कॉलेज, आज भी



उनके दृष्टिकोण का प्रमाण है और सफलतापूर्वक चल रहा है। गुरु का एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर सभी के लिए का दर्शन समकालीन भारत में गहराई से प्रतिध्वनित होता है, जहाँ जातिवाद और सामाजिक असमानता अभी भी मौजूद हैं। उनकी शिक्षाएँ सभी लोगों में एकता और समानता को बढ़ावा देने का मार्गदर्शन प्रदान करती हैं, जो धार्मिक या सामाजिक विभाजनों से परे जाती हैं। शिक्षा, सार्वभौमिक भाईचारे और आत्म-ज्ञान पर उनका जोर आधुनिक समाज के लिए एक परिवर्तनकारी मार्ग प्रस्तुत करता है। श्री नारायण गुरु का प्रभाव केरल से कहीं अधिक फैला हुआ है, उन्होंने भारत भर में सुधारकों, दार्शनिकों और नेताओं की पीढ़ियों को प्रेरित किया है। महात्मा गांधी, बंगाल के राजा राम मोहन राय और अन्य राष्ट्रीय नेताओं ने उनके कार्यों से प्रेरणा ली। उनकी शिक्षाएँ आज भी हमारे सामूहिक आकांक्षाओं को एक अधिक न्यायपूर्ण और समान समाज की दिशा में आकार देती हैं। हम उनके जीवन और शिक्षाओं से प्रेरणा लें, सभी लोगों के बीच एकता और समानता को बढ़ावा दें, शैक्षिक और सशक्तिकरण की पहलों का समर्थन करें, और एक अधिक समावेशी भविष्य के निर्माण की दिशा में कार्य करें। जब हम श्री नारायण गुरु की विरासत का सम्मान करते हैं, तो हम उनके सामंजस्यपूर्ण समाज के दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से जागृत करें, जहाँ हर व्यक्ति को फलने-फूलने का अवसर मिले।

**अंचल की खबरें**

## सृष्टि के देवता विश्वकर्मा जयंती मनाई




**उतई।** धनोरा में सृष्टि के देवता विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। सत्तीपारा मंच में भगवान गणेश और विश्वकर्मा भगवान के मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तत्पश्चात विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। इस दौरान समाजसेवी मनेश साहू ने कहा कि हर साल कन्या संक्रांति पर भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई जाती है। विश्वकर्मा पूजा मशीनरी, औजार, वाहन आदि क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए यह बड़ा पर्व है। इस दिन लोग अपने काम बंद रखते हैं। मशीनों और वाहनों को आराम देते हैं। उनकी साफ सफाई करते हैं और विश्वकर्मा के साथ ही सभी मशीनरी की पूजा की जाती है। सृष्टि का संचालन त्रिदेव के साथ ही भगवान विश्वकर्मा की वजह से हो रहा है। विश्वकर्मा ने देवताओं के लिए अस्त्र-शस्त्र, महल बनाए हैं। द्वापर युग में विश्वकर्मा जी ने भगवान श्रीकृष्ण की द्वारिका बनाई थी। सुदामा का महल बनाया था। कार्यक्रम में मनेश साहू, लोमश यादव, युवराज साहू, धनऊ राम, मंतराम ठाकुर, राजेंद्र प्रसाद, संतलाल ठाकुर, ज्ञानचंद, रामस्वरूप ठाकुर, मन्थीर, थानसिंग, ओमप्रकाश, कोमल, कमल, मुकेश साहू, गोविंद, नागेश, नरेंद्र, राजेश, रमेश, जितेंद, फूलसिंग, हेमकुमार, युवराज, कुणाल, श्रवण आदि उपस्थित थे ।

## टब में किया भगवान गणेश का विसर्जन



**सेलूद।** शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण के क्षेत्र में अग्रणी संस्था छत्तीसगढ़ पर्यावरण मित्र समिति द्वारा शिवपार्क कॉलोनी नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में दो इंच भगवान श्रीगणेश की मूर्ति का टब में विसर्जन किया गया। इसके बाद टब की जल एवं मिट्टी का उपयोग पौधारोपण कर किया गया। छत्तीसगढ़ पर्यावरण मित्र समिति के वरिष्ठ सलाहकार ललित कुमार बिजौरा एवम डॉ. अश्वनी साहू ने बताया कि गणेशोत्सव पूर्व ही लोगों से मिट्टी का ही छोटी मूर्ति बनाने के लिए जनजागरण अभियान चलाया गया था। छत्तीसगढ़ पर्यावरण मित्र समिति द्वारा लगातार 11वर्षों से श्रीगणेश जी की मिट्टी से बनी बहुत ही छोटी मूर्ति की स्थापना किया जा रहा है तथा टब के माध्यम से ही विसर्जन किया जा रहा है । मिट्टी से बनी दो इंच श्रीगणेश की मूर्ति का निर्माण स्वामी आत्मानन्द उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अमलेश्वर में अध्ययनरत कक्षा ग्यारहवीं के छात्र चमन निषाद द्वारा बनाया गया। विसर्जन के दौरान प्रमुख रूप से ललित कुमार बिजौरा, डॉ. अश्वनी साहू, दिव्यांश बिजौरा, अदिती बिजौरा, कुणाल साहू उपस्थित थे।




Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सम्मान समारोह कल

**भिलाई।** शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छग द्वारा राज्य स्तदरीय सम्मान समारोह का आयोजन दुर्ग स्थित खालसा पब्लिक स्कूल मालवीय नगर चौक के पास आयोजित है। संस्थापक संजय कुमार मैथिल ने बताया कि समारोह के मुख्यअतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। अध्यक्षता विधायक गजेन्द्र यादव करेगें। अतिविशिष्ट अतिथि के रुप में विधायक ललित चंद्राकर, रिकेश सेन, महामंत्री भाजयुमो महामंत्री उपकार चंद्राकर, अध्यक्ष उड़ान नई दिशा संस्था निधि चंद्राकर, अध्यक्ष लोधी समाज दुर्ग रवि सिंगौर होंगे। कार्यक्रम 22 सितंबर रविवार सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।

### एससी-एसटी एम्प. एसो. इस्पात मंत्री से मिला



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने प्रतिनिधिमंडल ने इस्पात मंत्री को ज्ञापन सौंपा। मांग की कि सेल में डायरेक्टर के पद पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अधिकारियों की नियुक्ति नहीं हो सकी है इन वर्गों को भी प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। उन्हें खराब ग्रेडिंग दी जाती है जिससे उनके पदोन्नति पर उनके कमजोर ग्रेडिंग का असर पड़ता है। ग्रेडिंग पर सुधारा जाए। बीएसपी में स्थानीय बेरोजगारों की भर्ती, सेल में अंबेडकर अवार्ड प्रदान करने की शुरुआत की जाए। इस पर सेल कॉरपोरेट ऑफिस ने सहर्ष सहमति दी है परंतु अभी तक इस पर कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है। हमारी मांग है कि इस पर अमल करने हेतु निर्देशित किया जाए। अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के कर्मचारी व अधिकारियों को विदेश में शिक्षक प्रशिक्षण हेतु भेजा जाए व देश की संपत्ति का अंधाधुंध निजीकरण ना किया जाए। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष श्री कोमल प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राणा, महासचिव विजय कुमार रात्रे उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सूर्यवंशी शामिल थे।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान विविध कार्यक्रम

**भिलाई।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल विभाग के कैंटीन परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया और सभी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस स्वच्छता अभियान में विभाग के सभी कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रूप से भाग लेकर श्रमदान किया। संयंत्र के हिर्री माइन्स में 35 स्कूली बच्चों तथा 5 शिक्षकों ने भाग लिया।

## निधन

### बृजलाल भाई जेठवा

**कुम्हारी।** कुम्हारी निवासी बृजलाल भाई जेठवा का निधन शुक्रवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज सुबह 9 बजे उनके निवास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे गिरीश और दीपेश के पिता थे।



# टाउनशिप में दुर्गा पूजा पंडालों के लिए नियमानुसार बिजली कनेक्शन लें

**बीएसपी प्रबंधन ने आयोजकों से की अपील, कहा- अवैध बिजली कनेक्शन से दुर्घटना होने पर प्रबंधन की नहीं होगी जिम्मेदारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग ने बीएसपी टाउनशिप में नवरात्रि पर्व पर दुर्गोत्सव समितियों से दुर्गा पूजा पंडालों के लिए नियमानुसार ही बिजली कनेक्शन लेने की अपील की है। सुरक्षा का ध्यान रखते हुए अपील करते हुए चेताया है कि नियम विरुद्ध विरुद्ध बिजली कनेक्शन होने पर यदि किसी तरह की दुर्घटना होती है तो बीएसपी प्रबंधन की जिम्मेदारी नहीं होगी।

बीएसपी प्रबंधन द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया कि टाउनशिप विभिन्न स्थानों पर अनेक पूजा-पण्डालों का निर्माण किया जाता है। इन पूजा-पण्डालों में विद्युत का उपयोग करने के साथ-साथ सजावट के लिए सड़क मार्ग के ऊपर खंबे भी लगाए जाते हैं, जिससे गंभीर विद्युतीय दुर्घटना हो सकती है। दुर्गोत्सव कार्यक्रम आयोजकों से अपील की गई है कि वे विधिवत बिजली प्रदाय प्राप्त करने के लिए सिविक सेन्टर स्थित नगर सेवाएं विभाग के नगर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग से आवश्यक विभागीय औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए अनुमति अवश्य प्राप्त करें। साथ ही निर्धारित बिजली शुल्क जमा कर अधिकृत विद्युत ठेकेदार द्वारा परीक्षण प्रपत्र प्रस्तुत करके ही विद्युत का सुरक्षित उपयोग करें। दुर्गोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पण्डालों में एकत्रित होते हैं तथा सड़क मार्ग से यात्रियों की आवाजाही हमेशा बनी रहती है। ऐसी परिस्थिति में अनियोजित विद्युतीय व्यवस्था के कारण कभी भी गंभीर विद्युतीय दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। बिजली की चोरी, दुरूपयोग अथवा असुरक्षित उपयोग से न केवल जानमाल की क्षति की आशंका बनी रहती है बल्कि संयंत्र को व्यापक पैमाने पर आर्थिक क्षति भी हो सकती है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अर्थिंग पिट और उसमें लगे अर्थिंग इलेक्ट्रोड ठीक से काम कर रहे हों। बिजली के तार ठीक से इंसुलेटेड हों और कहीं भी कटे या खुले न हों।



फाइल फोटो

### बिजली चोरी पर होगी कार्रवाई

दुर्गा पंडालों में भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 के अनुसार सभी पर्याप्त सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए। बीएसपी प्रबंधन ने जारी विज्ञप्ति में अपील की है कि टॉउनशिप के सभी दुर्गा पूजा आयोजकों से अपील है कि वे नियमानुसार विद्युत का कनेक्शन लें और सुरक्षित व वैधानिक रूप से विद्युत का उपयोग करें। यह सुनिश्चित करें कि बिजली का व्यवसायिक उपयोग नहीं किया जा रहा है। विभाग को विद्युत प्रदाय के तारों में कटिया लगाकर बिजली चोरी की शिकायत मिलने पर पूजा- पण्डाल आयोजकों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। नियमानुसार विद्युत प्रयोग न करने की स्थिति में यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है, तो इसके लिए भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन की कोई जिम्मेदारी नहीं होती है।

सैकड़ों कर्मचारियों का भविष्य अधर में, कई सेवानिवृत्ति के हैं करीब

# आखिरकार बिक गया एफएसएनएल भिलाई निजी कंपनी ने मात्र 320 करोड़ में खरीदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आखिरकार फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड बिक गया। हर साल सौ करोड़ का प्राफिट देने वाली इस मेगा कंपनी को जापान की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी को बेच दिया गया। एफएसएनएल कंपनी की संपत्ति करीबन एक हजार करोड़ है। इसे मात्र 320 करोड़ राशि में बेच गया है। केंद्र सरकार के इस कदम को कर्मचारी यूनियनों ने राष्ट्रहित के विरुद्ध करार देते हुए पुरजोर विरोध किया है।

उल्लेखनीय है कि एफएसएनएल के निजीकरण की प्रक्रिया पिछले साल भर चल रही थी। कर्मचारी, श्रमिक यूनियनों और अधिकारी संगठनों द्वारा इसका लगातार विरोध व आंदोलन कर सरकार से निजीकरण नहीं किए जाने की मांग की जा रही थी। सोलह और सत्रह सितंबर को विश्वकर्मा पूजा पर भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा करने आए केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी से भी मिलकर सेफी, बीएसपी ओए और एफएसएनएल कर्मचारी यूनियनों ने आरआईएनएल, नगरनार इस्पात संयंत्र और एफएसएनएल का निजीकरण न कर सेल में रणनीतिक विलय की मांग की थी। इस्पात मंत्री ने सभी को भरोसा दिलाया था कि किसी भी उद्योग का निजीकरण नही किया जाएगा। इसके बाद भी एफएसएनएल को निजी कंपनी को बेचे जाने से सभी हैरान है। यूनियनों के मुताबिक एफएसएनएल जैसी प्राफिटेबल कंपनी को जापान की बहुराष्ट्रीय कंपनी मेसर्स कोनोइक ट्रांसपोर्ट कंपनी को मात्र 230 करोड़ में बेचा गया है। जबकि एफएसएनएल प्रतिवर्ष 100 करोड़ लाभ कमाती है और अभी इस कंपनी के पास 175 करोड़ का एफडी और कैश बैलेंस है। 210 करोड़ से अधिक राशि सरकारी कस्टमर प्लांट से प्राप्त होना बाकी है। 150 करोड़ रुपए से अधिक की चल अचल संपत्ति इस कम्पनी के पास है तथा अगले दो वर्षों के लिए 1000 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट भी कंपनी के पास इससे सिर्फ अगले दो वर्षों में ही 300 करोड़ से अधिक का शुद्ध लाभ सरकार को होता ।फेरोस्क्रेप वर्कर्स यूनियन इंटक के अध्यक्ष अरुण कुमार सिसौदिया ने प्राइवेट कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए फेरो स्क्रैप जैसे बहुमूल्य कंपनी को जापान की मेसर्स कोनोइक ट्रांसपोर्ट कंपनी को मात्र 320 करोड़ रुपए में बेच दी गई। सरकार और प्राइवेट पार्टी की मिलीभगत को दर्शाता है।

**मेसर्स कोनोइक ट्रांसपोर्ट कंपनी ने खरीदा**



### दो सौ करोड़ है कंपनी के असेट्स

यूनियन के मुताबिक एक ट्रांसपोर्ट कंपनी को इतनी बड़ी सरकारी कंपनी देना सरकार के बड़े भ्रष्टाचार को उजागर करता है। यह निविदा निजीकरण के लिए पूरी तरीके से प्रतीत होता है कि एक सूची समझी षड्यंत्र रणनीति बनाकर किया गया है। 2019 में जब इस कंपनी के निजीकरण का फैसला सरकार ने वापस ले लिया था तो इस तरह से फिर निजीकरण की निविदा बुलाना और टेंडर में एक जापानी कंपनी को देना एक बड़े भ्रष्टाचार की तरफ इशारा करता है। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड कंपनी शुरु से प्राफिट में रही है। कंपनी का एक माह का सभी इस्पात संयंत्रों में 225 करोड़ का बिल भुगतान लेना बचा हुआ है। असेट्स जो है कंपनी के लगभग 200 करोड़ के हैं, जिसमें करा ने डोजर डंपर एक्सकैवेटर टिप्पर हाय वो और चौपाइयां वहां के साथ सभी इस्पात संयंत्रों में खुद की कार्यालय बिल्डिंग है। इसका हेड ऑफिस भिलाई में है, जिसकी कीमत खुद 50 करोड़ की बिल्डिंग की है। इस कंपनी के फिक्स्ड डिपाजिट में सौ करोड़ की राशि है और वर्तमान में कैश इन हैंड 36 करोड़ हैं।

### कर्मियों के हितों की रक्षा का दायित्व सेल भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन का

“ फेरो स्क्रैप में स्थाई कर्मचारी सभी प्लांट के मिलकर 396 है. जिसमें अधिकारी व कर्मचारी दोनों हैं ऐसी स्थिति में क्या परमानेंट कर्मचारियों को दूसरे सरकारी संस्थानों में शिफ्ट किया जाएगा। पांच वर्ष से काम की सेवा वालों को वर्ष अच्छी सेवा निवृत्ति निकाल कर उनके मॉनिटरी बेनिफिट को सुरक्षित किया जाएगा, जो की पूरी तरीके से सरकार की जिम्मेदारी है। फेरो स्क्रैप कंपनी का मुख्य नियोक्ता प्रिंसिपल एंपलॉयर से सेल भिलाई स्टील प्लांट है तो उनके कर्मचारियों के हितों की रक्षा की भी जिम्मेदारी सेल और स्टील प्लांट्स की है। 5 वर्ष से कम सेवा वाले व्यक्ति कर्मचारियों को ऐच्छिक सेवा निवृत्ति दें और 5 वर्ष से अधिक वाले 200 कर्मचारियों को अन्य सेल के संयंत्र में शिफ्ट कर उनका रोजगार सुनिश्चित करें।

**अरुण सिंह सिसोदिया,** अध्यक्ष फेरो स्क्रैप वर्कर्स यूनियन

### सभी यूनियनें पूरी एकजुटता से करें मजदूरों के हितों की रक्षा

“ भिलाई फेरो स्क्रैप निगम श्रमिक संघ के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने कहा कि कर्मचारी व उद्योग विरोधी कदम है। इससे कर्मियों व देश को नुकसान होगा, फायदा सिर्फ निजी कंपनी को होगा। बीएसपी सहित अन्य सार्वजनिक उपक्रमों को अब सस्ते दर पर अपना स्क्रैप इस निजी कंपनी को बेचने मजबूर होना पड़ेगा। केंद्र सरकार ने निजीकरण का कदम स्क्रैप माफियाओं के दबाव मे लिया है। सभी यूनियनों को एकजुटता से इसका विरोध किए जाने की जरुरत है। एफएसएनएल को बेचा जा रहा है तो फिर वर्षों से कार्यरत श्रमिकों के भविष्य को किसके सहारे छोड़ा जा रहा है ?

**गजेंद्र सिंह,** भिलाई फेरो स्क्रैप निगम श्रमिक संघ

# एम्स के ईडी और सीईओ ने किया भिलाई संयंत्र का दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स-रायपुर) के कार्यपालक निदेशक और सीईओ, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) अशोक जिंदल ने बीएसपी के राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र (एनओएचएस) और संयंत्र का दौरा किया। बीएसपी का राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र (एनओएचएस) सेल का एक नोडल व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र है। उन्होंने राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र की विभिन्न गतिविधियों और कार्यों का अवलोकन किया। साथ ही सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डां. जिंदल ने इस्पात निर्माण की प्रक्रिया का अवलोकन करने के लिए संयंत्र के अंदर विभिन्न स्थानों का दौरा किया और विभिन्न उत्पादन प्रणाली से अवगत हुए। भ्रमण के दौरान सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डॉ अशोक जिंदल, सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता से भी मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल (एम्स, रायपुर ) डां. लक्ष्मीकांत चौधरी भी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डां. अशोक जिंदल के साथ थे। उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल श्री अशोक जिंदल, जिन्होंने लगभग चार दशकों तक भारतीय सेना की सेवा की, देश के सबसे सम्मानित सैन्य डॉक्टरों में से एक हैं। सशस्त्र बलों में उनकी सराहनीय सेवा और असाधारण उपलब्धियों के लिए उन्हें परम विशिष्ट सेवा पदक (पीवीएसएम), अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम) और युद्ध सेवा पदक (वाईएसएम) से सम्मानित किया गया है।

■ निर्माण की प्रक्रिया का किया अवलोकन

बीएसपी के राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र पहुंचने पर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांयें) डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांयें) डॉ कौशलेंद्र ठाकुर, एसीएमओ (एनओएचएस प्रभारी-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ आर राम तथा एमओ (कैसुअल्टी-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ एस के ठाकुर ने उनका स्वागत किया। औपचारिक स्वागत के बाद डॉ अशोक जिंदल ने, डॉ एम रवींद्रनाथ और डॉ कौशलेंद्र ठाकुर के साथ व्यावसायिक स्वास्थ्य के जनक डॉ रामजिन्नी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।डॉ अशोक जिंदल ने एनओएचएससी के विभिन्न विभागों और अनुभागों का दौरा किया।

# स्वच्छ आचरण वाले व्यक्ति का जीवन विलासी हो सकता है पर ऐसे व्यक्ति का इतिहास कभी नहीं बनता: डॉ. पाराशर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ हनुमान मंदिर सेक्टर 2 में भागवत कथा सप्ताह का तीसरा दिन

पितृपक्ष के अवसर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन वृंदावन धाम के कथावाचक डॉ. श्याम सुंदर पाराशर ने कहा स्वच्छ आचरण करने वाले व्यक्ति का जीवन वैभव और विलासिता पूर्ण हो सकता है पर ऐसे व्यक्ति का इतिहास कभी नहीं बनता। तुलसीदास, कबीर दास कि भले ही कोई फैक्ट्री ना हों लेकिन इन महापुरुषों का नाम आज भी लोग बड़े श्रद्धा से लिया करते हैं। हनुमान मंदिर सेक्टर 2 में आयोजित भागवत कथा में डां. पाराशर ने कहा कि हिंदुओं के मान बिंदुओं को समाप्त करने का लोगों ने लक्ष्य बना लिया है हमारे मानबिंदु गंगा, गाय गंगा को प्रदूषित किया जा रहा है। गौ माता की हत्या हो रही है और गौ माता सड़कों पर घूम रही है। जिस देश में गौ माता के दूध की नदियां बहती थी इस देश में आज गौ माता का रक्त बह रहा है। आज हम सनातनियों को गौ माता की रक्षा के लिए आगे जाकर कम से कम एक गौ माता की जिम्मेदारी उठानी होगी तभी गौ रक्षा संभव है। उन्होंने कहा कि हमारे हित और मान बिंदुओं की बात करें तो वह सांप्रदायिक हो जाता है अन्य चाहे जितने राष्ट्र विरोधी कार्य करें वह धर्मनिरपेक्षता का परिचायक है। महाराज ने कहा हमें देश हित में राष्ट्र विरोधी शक्तियों का मिलकर मुकाबला करना पड़ेगा आगे कथा में कहा आज हमें अपने बच्चों को सुंदर संस्कार देना चाहिए।



# भिलाई निगम से दो अधिकारी जांच के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ वैशाली नगर विधायक रिकेश ने सीएम को लिखा पत्र

भिलाई निगम में लंबे समय से पदस्थ अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा का स्थानांतरण बिलासपुर और सहायक अभियंता आलोक पसीने का धमतरी होने के बाद उनके कार्यकार्य की जांच होने जा रही है। केंद्र सरकार का अमृत मिशन का जो कार्य इनकी देखरेख में हुआ था उसमें अनेक शिकायतें कांग्रेस शासनकाल में हुई मगर फिर भी ये दोनों अधिकारी लगातार भिलाई निगम में जमे रहे। दोनों ही अधिकारी जहां इन दिनों अपने स्थानांतरण आदेश में संशोधन करवाने नेताओं और अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। वहीं वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख दोनों के भिलाई निगम में कार्यकाल की जांच करवाने की मांग कर दी है। श्री सेन ने कहा कि दोनों अभियंताओं की गतिविधियां वर्तमान राज्य सरकार के दिशा निर्देशों के विरूद्ध ही रही है, पूर्व में केंद्र सरकार की जनहित योजनाओं को लेकर दोनों ही अधिकारी मनमाने ढंग से आदेश के विरूद्ध ही कार्य करते रहे हैं, जिनकी जांच बहुत जरूरी है। नगर पालिक निगम भिलाई में पदस्थ संजय शर्मा (अधीक्षण अभियंता) का स्थानांतरण नगर पालिक निगम बिलासपुर व आलोक पसीने (सहायक अभियंता) का स्थानांतरण नगर पालिक निगम धमतरी में राज्य शासन द्वारा किया गया है। उक्त दोनों अभियंताओं की गतिविधियां वर्तमान राज्य सरकार व भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं के विरूद्ध रही हैं।




स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

# बीएसपी के ठेका श्रमिकों को दिवाली पूर्व 20 प्रतिशत मिले बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के प्रतिनिधि मंडल ने भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक विकास चंद्रा को बीएसपी में कार्यरत ठेका श्रमिकों को दीपावली पूर्व न्यूनतम वेतन का 20% बोनस भुगतान के लिए निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र के नाम से ज्ञापन सौंपा। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने महाप्रबंधक विकास चंद्रा से मांग की कि ठेका श्रमिक नियमित कर्मचारियों के साथ स्थाई प्रकृति के कार्यों से लेकर साफ सफाई तक के कार्य कर रहे हैं। श्रमिकों की संख्या नियमित कर्मचारियों से दुगना 22000 हो गई है एवं ठेका श्रमिक स्थाई प्रकृति के कार्य करते हुए सीधे उत्पादन एवं रखरखाव और लाभार्जन से जुड़े हैं उनकी सहभागिता को देखते हुए बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत अधिकतम 20% बोनस दीपावली पूर्व प्रदान किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए की सभी ठेका श्रमिकों को उनका पूरा बोनस मिले एवं शिकायत पर कार्रवाई हो, जिससे कि ठेका श्रमिकों का मनोबल ऊंचा रहे और औद्योगिक शांति बनी रहे।



### मिला आश्वासन

ठेका श्रमिक सीधे उत्पादन का कार्य कर रहे हैं इसलिए न्यूनतम के स्थान पर 20% बोनस की राशि दी जाए। वर्तमान में वर्तमान वेतन का ठेका श्रमिकों को न्यूनतम 8.33% अकुशल श्रमिक को 10900 रुपए एवं अर्ध कुशल श्रमिक को 11550 रुपए एवं कुशल श्रमिक को 12350 रुपए और अति कुशल श्रमिक को 13110 रुपए न्यूनतम बोनस मिलना चाहिए। जो ठेका श्रमिक न्यूनतम 30 दिन से अधिक किसी संस्थान में कार्य करते हैं उन्हें बोनस पाने का अधिकार है।

### एच एस एल टी ठेका श्रमिकों का जल्द हो केवाईसी

महाप्रबंधक विकास चंद्रा ने आश्वस्त किया कि बीएसपी के ठेका श्रमिकों की समस्या में सुधार को लेकर कार्य किया जा रहे हैं और बोनस के संबंध में दीपावली पूर्व निर्धारित बोनस देने के लिए सर्कुलर जारी कर दिया गया है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी ठेका श्रमिकों को दीपावली पूर्व निर्धारित बोनस मिले। जहां पर इसकी शिकायत आएगी उसे संबंध में कार्रवाई की जाएगी। एचएसएलटी ठेका श्रमिकों के केवाईसी के लिए कैंप लगाकर सुधार किया जा रहा है एवं आरपीएफसी कमिश्नर रायपुर से भी बैठक किया गया है। जल्द ही सेवानिवृत्ति एचएसएलटी ठेका श्रमिकों का केवाईसी भी किया जाएगा। बैठक में प्रबंधन की ओर से निवेश विजयन वरिष्ठ प्रबंधक ठेका प्रकोष्ठ एवं इंटक यूनियन की ओर से संजय कुमार साहू सीपी वर्मा दीनानाथ सिंह सार्वा गुरुदेव साहू जसबीर सिंह उपस्थित थे।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 21 सितंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129

04



हाथ का हुनर

## लाइव इवेंट

### ब्लड से जुड़ी खतरनाक अनुवांशिक बीमारी को हर किसी को समझना जरूरी




**भिलाई।** 37 सीजी बटालियन एनसीसी दुर्ग के निर्देश पर सेंट थॉमस महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने सिकल सेल और थैलेसीमिया जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेंट थॉमस कॉलेज के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ. पीएस वर्गीस एवं प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन थे। प्राचार्य डॉ. रोईमोन ने सभी एनसीसी कैडेटों को इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बताते हुए कहा कि लोगों को इस गंभीर आनुवांशिक रोगों के प्रति जागरूक रहना करना है। यह रक्त की गंभीर बीमारियां हैं। इसका समय पर इलाज करना अत्यंत आवश्यक है। महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ. पीएस वर्गीस ने सभी एनसीसी कैडेटों को जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। रैली के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स ने शहर के विभिन्न हिस्सों में जाकर लोगों को थैलेसीमिया और सिकल सेल के कारण, लक्षण और उपचार के तरीकों के बारे में बताया।

- सेंट थॉमस कॉलेज की एनसीसी इकाई ने निकाली जागरुकता रैली

#### एनसीसीए कैडेट्स ने लोगों को बताए सुरक्षा उपाय

एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. सुरेखा जवादे ने सभी एनसीसी कैडेटों को सिकल सेल और थैलेसीमिया जागरूकता के बारे मे बताया। उन्होंने कहा कि इस रोग से कैसे बचाव किया जा सकता है। इसके प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता क्यों है। इस अवसर पर महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. देबजानी मुखर्जी (मनोविभाग विभागाध्यक्ष), डॉ. चन्दा वर्मा एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग, 37 सीजी बटालियन एनसीसी के अधिकारी लेफ्टिनेंट संतोष यादव, हवलदार मंगल सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जेयूओ लिमन सोनवानी ने किया।

## सिटी इवेंट

### जोनल स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आगाज, 200 प्रतिभागी ले रहे भाग



**भिलाई।** सीबीएसई द्वारा तीन दिवसीय पूर्वी जोनल तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन रूंगटा पब्लिक स्कूल में किया जा रहा है। शुक्रवार को प्रतियोगिता का आगाज हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत क्रिकेट के पूर्व अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राजेश चौहान ने की। एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रूंगटा, निदेशक डॉ. साकेत रूंगटा, डॉ. जवाहर सुरी सेठी और सीबीएसई क्लस्टर पर्यवेक्षक आशीष चौधरी, प्राचार्य राजीव कुमार, उपप्राचार्या दीप्ति सिंग प्रमुख रूप से मौजूद थे।राजीव कुमार ने कहा कि खेलों को हमेशा खिलाड़ी भावना से खेला जाना चाहिए। यह अनुशासन और टीम भावना को भी प्रोत्साहित करता है। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए लगभग 50 स्कूलों के लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। स्कूल के हेड बॉय जयांश मेहता एवं हेड गर्ल रुविनी पॉल ने सभी प्रतिभागियों को सच्ची खेल भावना को बनाए रखने की शपथ दिलाई।

- रूंगटा पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय पूर्वी जोनल तीरंदाजी प्रतियोगिता का आगाज

#### खेल हो या जीवन, हर समय लक्ष्य तय हो

एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रुंगटा ने कहा कि खेल हो या जीवन, अर्जुन की तरह हमें सदैव अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहना चाहिए। तभी हम सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने युवा खिलाड़ियों की उत्कृष्टता के लिए कई प्रयास करने की घोषणा की। राजेश चौहान ने खेलों के समग्र विकास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आप में से एक भी अगर ओलिंपिक खेलों में जाता है तो यह हम सब के लिए अत्यंत गर्व का विषय होगा।

### प्रतिभा निखारने जैगाइस्ट क्लब का गठन

**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय रुआबांधा के गणित व कम्पुयटर विभाग द्वारा बनाए गए ज़ैगाइस्ट मंच का उद्घाटन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. रोहित कुमार मिरी, सह प्राध्यापक सीएसवीटीयू ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि ज़ैगाइस्ट मंच के अंतर्गत कई कार्यक्रम किये जाते हैं, जिसमे गणित व कंप्यूटर के विद्यार्थी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एमजी रोयमोन व विभाग प्रमुख डॉ. सुजा वर्गीस उपस्थित थे। डॉ. रोयमोन ने कहा कि ये मंच बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए है। उन्हें निकटतम भविष्य में इसका उपयोग समझ आएगा। व्याख्यान में प्रमुख वक्ता डॉ. रोहित कुमार मिरी थे। डॉ. मिरी ने करियर मार्गदर्शन विषय पर विचार रखे। इस अवसर पर ज्योति देवांगन, डॉ. स्मिता सुरेश, मंजू करुणाकरण, डॉ. प्रीति जैन, आरती यादव सहित अन्य मौजूद थे।

- थनौद, औंधी, जेवरा-सिरसा, नयापारा दुर्ग में प्रतिमाओं में रंग भरे जा रहे, देवालयों में भी तैयारी

# आदिशक्ति मां दुर्गा के नवरूपों को समर्पित शारदीय नवरात्र की तैयारी शुरू, आकार ले रही माता की प्रतिमा

आदिशक्ति मां दुर्गा के स्वागत की तैयारियां देवालय में शुरू हो चुकी है। 3 अक्टूबर से शुरू हो रही शारदीय नवरात्र मां दुर्गा के 9 रूपों को समर्पित है। इधर मूर्तिकार माता की प्रतिमाओं में रंग भरने का काम शुरू कर चुके हैं। दुर्ग के थनौद, औंधी पाटन, नयापारा, जेवरा-सिरसा सहित अन्य जगहों पर माता की विशालकाय प्रतिमाएं तैयार की जा रही है। सबसे बड़ी प्रतिमा सेक्टर-5 सांस्कृतिक मंच में स्थापित होगी, जहां 17 फीट से ज्यादा ऊंची प्रतिमा भिलाई महापौर नीरज पाल द्वारा स्थापित कराए जाने की तैयारी की गई है।



**भिलाई।** द्रिक पंचांग के अनुसार मां दुर्गा का आगमन इस बार पालकी पर होगा। मां भवानी का प्रस्थान चरणायुध (बड़े पंजे वाले मुर्गे) पर होगा।आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 3 अक्टूबर को देर रात 12 बजकर 18 मिनट से होगी। वहीं 4 अक्टूबर को देर रात 02 बजकर 58 मिनट पर प्रतिप्रदा समाप्त होगी। शारदीय नवरात्र आदि शक्ति मां दुर्गा के नौ रूपों को समर्पित है। इस नौ दिनों में देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा होगी। श्राद्ध के आखिरी दिन शाम से नवरात्र की तैयारियां शुरू होने लगती हैं। इस बार आखिरी श्राद्ध यानी सर्वपितृ अमावस्या 2 अक्टूबर की है। इसके बाद तीन नवंबर से नवरात्र का पर्व शुरू हो जाएगा। पहले दिन मां दुर्गा की कलश स्थापना होगी। इसके बाद अष्टमी और नवमी को कन्या पूजन कर अगले दिन 12 अक्टूबर को विजय दशमी यानी दशहरा का पर्व मनाया जाएगा। इस प्रकार नवरात्र का पर्व 3 अक्टूबर से शुरू होकर 11 अक्टूबर तक चलेगा। 10 अक्टूबर को अष्टमी हवन के साथ ज्योत जंवारा विसर्जन का क्रम शुरू होगा। 12 अक्टूबर को माता की प्रतिमाओं का विसर्जन होगा।

#### माता के 9 दिन इन देवियों की होती है पूजा

भगवताचार्य पं. लाखेश्वर पांडेय बताते हैं कि माता के 9 दिन 9 अलग-अलग देवियां पूजी जाती हैं। इसमें पहले दिन मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। इसके बाद ब्रह्मचारिणी, मां चन्द्रघण्टा, कूष्माण्डा, स्कन्दमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, मां सिद्धिदात्री और अंतिम दिन मां महागौरी की पूजा होती है। इस दौरान अलग-अलग कार्यक्रमों के आयोजन होते हैं। अपनी परंपराओं के अनुरूप त्योहार मनाया जाता है। इसमें गरबा, डांडिया, भजन-कीर्तन, सत्संग, सिंदूर खेलना जैसे कई अन्य आयोजन होते हैं। दुर्ग-भिलाई में इस बार कई बड़े आयोजन की तैयारी की गई है।

#### थनौद में 50 से ज्यादा बड़ी प्रतिमाएं ले रहीं आकार

शिल्पग्राम थनौद में हर बार की तरह इस बार भी बड़ी प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। मूर्तिकार लव चक्रधारी ने बताया कि सेक्टर-4 में सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित होनी है। प्रतिमा थनौद में तैयार की जा रही है। इसके अलावा मंडला एमपी, गढ़चिरौली, गोंदिया महाराष्ट्र, ओडिशा, बालाघाट एमपी की भी प्रतिमाएं तैयार की जा रही है। 50 से ज्यादा प्रतिमाएं तैयार की जा रही है। भिलाई और दुर्ग के लिए भी प्रतिमाएं थनौद में ही तैयार हो रही हैं। इधर औंधी पाटन, नयापारा दुर्ग, जेवरा-सिरसा में माता की प्रतिमाएं तैयार की जा रही है।

#### ओडिशा और अंबिकापुर से ट्रेनिंग लेने पहुंच रहे मूर्तिकार

थनौद की प्रसिद्धी पिछले कुछ समय में बढ़ी है। इसके कारण इस बार अंबिकापुर, ओडिशा जैसे क्षेत्रों के मूर्तिकार थनौद पहुंच रहे हैं। वे यहां के मूर्तिकारों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। पिछले 15 दिनों से वे यहां रहकर प्रतिमाओं को आकर्षक रूप दिए जाने के गुर सीख रहे हैं। राधे चक्रधारी बताते हैं कि बारिश की वजह से इस बार प्रतिमाओं को तैयार करने में समय लगा। काम 10 से 15 दिन पीछे हो गया है। मूर्तियों का काम अब भी 30 प्रतिशत से ज्यादा बचा हुआ है। रतजगा कर हम प्रतिमाओं को समय पर तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं।



## पाटन स्वतंत्रता सेनानियों का गढ़ लेकिन हमेशा से उपेक्षा का शिकार

**भिलाई।** हरिद्वार में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार का राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ, जिसमे छत्तीसगढ़ के 23 महिला और पुरुषों ने अपनी भागीदारी दी। पाटन क्षेत्र के 7 लोग जिसमें बटंग की रमा वर्मा, प्रमेंद्र वर्मा, रुचि वर्मा, महेश वर्मा, संतोषी वर्मा, सुरपा के चंद्रहास मोरिया और डगनिया के प्रांतीय सचिव बसंत कश्यप शामिल थे। 22 राज्यों के सेनानी परिवार ने आयोजन में शिरकत की। 2000 से ज्यादा लोग मौजूद थे। छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल ने कहा कि आजादी के इन 77 वर्षों में सेनानी और परिवारजनों के लिए राजनीतिक दलों की उदासीनता ही सामने आई है। बसंत कश्यप ने बताया कि पाटन क्षेत्र में अन्य स्थानों की तुलना में सर्वाधिक सेनानी है। यहां के विधायक मुख्यमंत्री भी रहे। इन सेनानियों के प्रति पूर्व सरकार ने भी कोई सराहनीय और उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है।

- हरिद्वार में स्वतंत्रता सेनानियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में रखी अपनी बात



## प्रौढ़ शिक्षा ग्रहण कर रही महिलाओं को पठन सामग्री का वितरण

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत रीडिंग एक्शन के तहत परमानेंट प्रोजेक्ट प्रौढ़ शिक्षा केंद्र की महिलाओं को पाठ्य सामग्री प्रदान की गई। प्रौढ़ शिक्षा केंद्र की महिलाएं इससे खासी उत्साहित नजर आईं। लायंस क्लब पिनाकल के माध्यम से यह कार्यक्रम का आयोजित किया गया। क्लब की महिलाओं ने कहा कि महिलाओं का उत्साह देखकर हम खुश होते हैं। पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती, बस जज्बा होना चाहिए। इन महिलाओं ने हिंदी वर्णमाला, इंग्लिश का एटूजेड, गिनती, अपना साइन करना और कहानी की बुक्स पढ़ना सीख लिया है। इस दौरान पास्ट प्रेसिडेंट डॉ. वैशाली भगत, रेविका बेदी, अध्यक्ष उर्मिला टावरी, सेक्रेटरी रश्मि गेडाम, शालिनी सोनी आदि उपस्थित थे।




### शंकराचार्य कॉलेज में दुर्ग सेक्टर टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन

कार्नर न्यूज



उच्च शिक्षा विभाग छग शासन और हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में शंकराचार्य कॉलेज द्वारा दुर्ग सेक्टर टेबल टेनिस (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. अर्चना झा एवं डीन अकादमिक डॉ. जे दुर्गा प्रसाद राव थे। इस अवसर पर पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ा अधिकारी लक्ष्मेन्द्र कुलदीप, मुख्य निर्णायक व टेबल टेनिस के अंतराष्ट्रीय अंपायर विनोद देवघरे उपस्थित थे। प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में 5 कॉलेज के 19 खिलाड़ी और महिला वर्ग में 21 खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता में महिला वर्ग में साइंस कॉलेज और पुरुष वर्ग में सुराना कॉलेज की टीम विजेता रही। चयनित खिलाड़ी आगामी दिनों में रायपुर में 25 और 26 सितंबर को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## टेबल टेनिस प्रतियोगिताः महिला वर्ग में साइंस कॉलेज और पुरुष वर्ग में सुराना कॉलेज बना चैम्पियन



#### प्रतियोगिता में इन कॉलेजों की टीम ने लिया भाग

प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में सेठ रतनचंद कॉलेज दुर्ग, शास. महाविद्यालय पाटन, शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, शैलदेवी महाविद्यालय अंडा, साइंस कॉलेज दुर्ग की टीमों ने भाग लिया।इसी प्रकार महिला वर्ग में शैलदेवी महाविद्यालय अंडा, साइंस कॉलेज दुर्ग, शास. कन्या महाविद्यालय दुर्ग, शास. महाविद्यालय गुंडरदेही, मनसा शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय कुरूद ने भाग लिया।

#### आगामी दिनों में आयोजित होंगे प्रैक्टिस कैम्प

प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में सेठ स्तनचंद कॉलेज दुर्ग विजेता रही। उपविजेता साइंस कॉलेज दुर्ग की टीम रही। महिला वर्ग में साइंस कॉलेज दुर्ग की टीम विजेता रही। वहीं उपविजेता शास. महाविद्यालय गुंडरदेही की टीम रही। आयोजकों ने बताया कि आगामी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने खिलाड़ियों के लिए प्रैक्टिस कैम्प लगाए जाएंगे।

#### विजेता और उपविजेता टीमें हुई सम्मानित

आयोजन के दौरान विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने बताया कि शासकीय छत्तीसगढ महाविद्यालय रायपुर में राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 25 और 26 सितंबर को होनी है। इसमें चयनित खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान गंगाजली शिक्षण समिति के चेयरमैन आईपी मिश्रा, अध्यक्ष जया मिश्रा, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. अजय लांजेवार, कैलाश वर्मा, डॉ. प्रशांत कन्नौजे, डॉ. सुनील कुमार श्रीवास्तव, डॉ. राहुल मेने, अनिल मेनन, डॉ. सुबोध द्विवेदी सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## एक पेड़ मां के नाम...यूनिवर्सिटी परिसर में रोपे पौधे, लिया संकल्प



**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा आम, अमरूद, बादाम, कटहल, आंवला आदि उपयोगी पौधे रोपे गए। इन पौधों को सहेजने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बड़ी मात्रा में वनों के कटाव एवं बढ़ते प्रदूषण से जनित पर्यावरणीय समस्याओं पर नियंत्रण पाने से जुड़ी जानकारी से विद्यार्थियों को अवगत कराना था। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. स्वाति पाण्डेय ने वृक्षारोपण का महत्व बताया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम ने किया। इस अवसर पर डॉ. नम्रता गायन, डॉ. मनोज मौर्य, डॉ. शोभा सिंह ठाकुर, डॉ. रोहित कुमार वर्मा, डॉ. भूमिका मिश्रा, हेमलता चंद्राकर, डॉ. काजोल दत्ता आदि मौजूद थे।

- भारती विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन

जागरूकता

## कॉलेज कैम्पस में प्राध्यापकों और छात्रों ने किया श्रमदान



**दुर्ग।** गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कॉलेज कैम्पस में स्वच्छता ही सेवा-2024 के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान कॉलेज में स्टूडेंट्स और टीचर्स ने मिलकर श्रमदान किया। परिसर की गंदगी को साफ की। साथ ही राष्ट्रपित महात्मा गांधी के स्वच्छता के संदेश और उनके संपनों को साकार करने का संकल्पलिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीसी अग्रवाल कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा की जंयती के अवसर पर स्वच्छता अभियान पूरे भारत वर्ष में प्रारंभ किया गया था। चलाए जा रहे इस अभियान में हमें भी सक्रिय रूप से सहभागिता निभानी चाहिए। स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता' के अंतर्गत हमें इस कार्य को जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करना होगा। इस अवसर पर डॉ. सुषमा यादव, कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य पूरे देश में उच्च स्तर की स्वच्छता सुनिश्चित करना है, जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना था। इसे हमें भी पूर्ण करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अभियान के तहत छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, कार्यक्रम अधिकारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आरती राठौर अतिथि व्याख्याता ने किया।

- गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा-2024 का आयोजन

सिटी इवेंट

## भारत के निर्माण में प्रतिभावान इंजीनियरों का योगदान जरूरी



**दुर्ग।** बिजली कंपनी दुर्ग परिक्षेत्र में पदस्थ अभियंताओं द्वारा महान अभियंता भारतरत्न डॉ. मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैय्या के जन्म दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कादंबरी नगर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अभियंता एम. जामुलकर प्रमुख रूप से मौजूद थे। डॉ.मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैय्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर अभियंताओं ने उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। जामुलकर ने कहा कि जीवन समर्पित करने वाले भारतरत्न डॉ. एम विश्वेश्वरैय्या को भारत ही नहीं विश्व के महान प्रतिभाओं में गिना जाता है। उन्होंने कहा कि अभियंताओं की याद में जिन्होंने देश के उत्थान में अपना योगदान दिया है। प्रतिवर्ष अभियंता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि दुनिया के हर क्षेत्र में इंजीनियरों ने अपना परचम लहराया है, जिन अभियंताओं को सम्मान मिला है, उनके उत्कृष्ट कार्यों का सभी अभियंता अनुसरण करें। कनिष्ठ अभियंता से प्रबंधक तक और कर्मचारी क्षेत्र में बिजली सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त रखने हर संभव प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि इंजीनियरों को नई सोच एवं रचनात्मक कार्य करते रहना चाहिए।

- अभियंता दिवस पर भारत रत्न डॉ. एम विश्वेश्वरैय्या को किया स्मरण

### 18 सहायक व कनिष्ठ अभियंता हुए सम्मानित

इस अवसर पर 18 सहायक और कनिष्ठ अभियंता सम्मानित किए गए। कार्यक्रम में इंजीनियर अशोक कुमार वर्मा, अधीक्षण अभियंता इंजीनियर एके लखेरा, पीपी सिंग, एचके मेश्राम, अशोक वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद थे। सम्मानित होने वाले सहायक व कनिष्ठ अभियंता में गुलाब राम साहू, नितेश गुप्ता, भूपेश वर्मा, महेश्वर टंडन, दिलेंद्र देशमुख, श्रृद्धा दिल्लीवार, डॉक्टर राजेंद्र हरमुख, शिखा श्रीवास्तव, निशांत देवांगन, परमेश्वर वर्मा, सुनील बेलचंदन, गीतिका ठाकुर, अनामिका सिंग, कृपा राम मंडावी, भूमिका खरे शामिल हैं।

दो अलग-अलग जगहों पर तीज मिलन समारोह का आयोजन, जमकर थिरकीं महिलाएं

# सृजन महिला समिति: रैम्प वॉक के जरिए रानी चुनी गईं तीज क्वीन, देवांगन समाज में आरती

**भिलाई।** शहर के दो अलग-अलग जगहों पर तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। एक आयोजन होटल वत्स में हुआ। आयोजन सृजन विश्वकर्मा महिला समिति द्वारा किया गया। इसमें एडिशनल एसपी पद्मश्री सिंह तंवर मुख्य अतिथि थीं। आयोजन में रैम्प वॉक के जरिए तीज क्वीन का निर्धारण हुआ। इसके आधार पर रानी विश्वकर्मा तीज क्वीन चुनी गईं। इसी प्रकार एक अन्य आयोजन देवांगन महिला समाज द्वारा किया गया। राम-जानकी मंदिर रामनगर में आयोजित कार्यक्रम में कई खेल स्पर्धाएं हुईं। इसके अलावा तीज क्वीन प्रतियोगिता में आरती देवांगन ने बाजी मारी। उन्हें आयोजन में सबसे सुंदर महिला का खिताब मिला। दोनों ही जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाएं हिंदी, छत्तीसगढ़ी और पंजाबी फिल्मी गानों पर थिरकती नजर आईं। आयोजित कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों सम्मानित किया गया। साथ ही भविष्य में ऐसे आयोजनों को और भी कराए जाने निर्णय लिया गया। साथ ही तय किया गया कि जल्द सामाजिक बैठक बुलाई जाएगी।



### प्रश्नोत्तरी में पूछे गए बंगालकांड से जुड़े सवाल

सृजन विश्वकर्मा महिला समिति द्वारा तीज मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रक्षा टीम प्रभारी संगीता मिश्रा, समाजशास्त्री डॉ अंजना श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद रश्मि सिंह मुख्य रूप से मौजूद थीं। कार्यक्रम की शुरुआत रिंकू शर्मा ने गणेश वंदना और स्वागत नृत्य से की। इसके बाद रैम्प वॉक में महिलाओं ने तीज क्वीन प्रतियोगिता के लिए अपना परिचय दिया। अतिथियों के पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया। यह तीन प्रश्न कोलकाता कांड, बेटियों की सुरक्षा और समाज में अपनी भागीदारी से संबंधित थे। इसके आधार पर तीज क्वीन का चयन किया गया। तीज क्वीन के रूप में विनर रानी विश्वकर्मा, रनर रिंकू शर्मा और संगीता शर्मा रहीं। उन्हें क्रमशः 2100, 1100 और 501 रुपए का पुरस्कार दिया गया। ताज पहनाकर तीज क्वीन को सम्मानित किया गया।



### आयोजन के दौरान हुए मजेदार गेम्स

इस अवसर पर मजेदार गेम्स भी खेल गए। संस्कृति और परंपराओं का निर्वहन करने वाली दो महिलाएं उमरावती शर्मा और निर्मला शर्मा सम्मानित की गईं। इस अवसर पर अध्यक्ष विमला शर्मा, रीना विश्वकर्मा, डॉ. सुचित्रा शर्मा, निर्मला वेट बहादुर, रीता शर्मा, अनीता शर्मा, सुनीता शर्मा, मोनिका विश्वकर्मा, पूजा शर्मा, नीतू शर्मा, संध्या शर्मा, नीलम शर्मा आदि उपस्थित थे।

### रामनगर देवांगन समाज ने मनाया छठवां तीज उत्सव



राम-जानती मंदिर रामनगर में देवांगन समाज की महिलाओं ने छठवां तीज उत्सव मनाया। सभी ने जल और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। समाज के 250 परिवारों की महिलाएं आयोजन में शामिल हुईं। छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद आयोजित प्रतियोगिताओं में नजर का टीका में प्रथम मधु देवांगन, द्वितीय स्वाति देवांगन, गुब्बारा दौड़ में पूनम देवांगन, अंजू देवांगन, आरती देवांगन, चना उठाना में गीतिका देवांगन, स्वाति देवांगन, पुष्पा देवांगन, कुर्सी दौड़ में पूनम देवांगन, अनिता देवांगन, आरती देवांगन, कुर्सी दौड़ में अंजू देवांगन, जामुन देवांगन, लता देवांगन, नृत्य में योगिता, अर्चना, आरती ने प्रथम तीन स्थान प्राप्त किया।

गीत-संगीत और नृत्य ने आयोजन में समां बांधा

इस अवसर पर गीत-संगीत और नृत्य ने समां बांधा। आयोजित प्रतियोगिताओं में तीज क्वीन प्रतियोगिता में आरती देवांगन, दुर्गा देवांगन, अर्चना देवांगन प्रथम तीन स्थान पर रहीं। गाने में पूनम, सारिका, आरती विजेता रहीं। इस अवसर पर महिलाओं ने सामूहिक नृत्य की भी प्रस्तुति दी।मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि यादराम देवांगन ने सभी महिलाओं और समाज के लोगों को तीज मिलन समारोह की शुभकामनाएं दी। द्वारिका प्रसाद देवांगन ने सभी महिलाओं को संगठित कर इस तरह के आयोजन करने को सराहा। मंडल अध्यक्ष कुंती देवांगन ने तीजा उपवास के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पिंकी देवांगन, जामुन, प्रमिला, कुंती, सारिका, ललिता, प्रतिभा, प्रमिला आदि मौजूद थीं।

जागरुकता रैली निकाली

## ग्राम चीचा में मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन



**भिलाई।** धमधा के ग्राम चीचा में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत स्वच्छता रैली निकाली गई। साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राज कुमार साहू, सरपंच कमलाबाई थे। इस अवसर पर महिलाओं एवं शाला के बच्चों ने स्वच्छता संदेश आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। एक पेड़ मां के नाम थीम पर उपस्थित प्रतिभागियों ने पौधे रोपे। बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग एवं मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई। भाषण प्रतियोगिता में स्वच्छता बनाए रखने एवं पर्यावरण को बचाने जैसे विषयों पर भाषण दिया गया।

जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर

## दिव्यांग और चिकित्सकों ने रक्तदान कर दिया संदेश



**दुर्ग।** शुक्रवार को जिला चिकित्सालय में एडमिट सिकलिन मरीज को ब्लड की आवश्यकता थी। यह जानकारी चिकित्सक डॉ. अतुल अग्रवाल और उनकी पत्नी स्त्री रोग विशेषज्ञ और डॉ. ममता अग्रवाल को दी गई। इसके बाद उन्होंने जिला अस्पताल पहुंचकर 12वीं बार रक्तदान किया। इधर दिव्यांग ने भी जरुरत पड़ने पर रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। इस रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, नर्सिंग आफिसर तरुणा रावत, लैब टेक्नीशियन मधुसूदन देवांगन, तीरथ यादव, हिमांशु चंद्राकर सहित अन्य मौजूद थे। इसी प्रकार जिला अस्पताल में भर्ती डिलीवरी मरीज सुचीता बारिख को ब्लड की आवश्यकता थी। जानकारी के बाद दिव्यांग श्रीकांत बारिख पावर हाउस भिलाई निवासी ने 28 वीं बार रक्तदान किया। डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि लोग स्वस्फूर्त होकर रक्तदान कर रहे हैं। इससे गंभीर और ब्लड की जरुरत वाले मरीजों को ब्लड उपलब्ध हो पा रहा है। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा रक्तदान की अपील की है।

लगातार आयोजित हो रहे शिविर

डॉ. अंबेडकर वाचनालय जवाहर नगर में जयंती समारोह का आयोजन

## अनागारिक धर्मपाल को बौद्ध धर्म के सुधारक और प्रचार के रूप में हमेशा याद किया जाएगा

कार्नर न्यूज

बौद्ध की विरासत को आगे बढ़ाने किया काम

**दुर्ग।** डॉ. भीमराव अंबेडकर वाचनालय जवाहर नगर में अनागारिक धर्मपाल एवं ईवी रामास्वामी पेरियार की जयंती मनाई गई। महिला सशक्तिकरण संघ और दि बुध्दिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर गौतम बुध्द की प्रतिमा एवं भारतरत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, अनागारिक धर्मपाल, ईवी रामास्वामी पेरियार के छाया चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रज्ञा बौद्ध, उपाध्यक्ष मीणा नारनौरे, एसआर कानडे, संजय शेन्दरे, सीके डोंगरे मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बौद्ध उपासक एवं उपासिकाओं ने सामूहिक तिरीशरण पंचशील बुद्ध वंदना का पाठ किया। उपस्थित सभा में सीके डोंगरे एवं संजय सेंद्रे ने अपने-अपने विचार रखे।



### अनागारिक धर्मपाल के जीवन पर हुई संगोष्ठी

नूतन पखिंडे ने अनागारिक धर्मपाल की जीवनी पर प्रकाश डाला। प्रज्ञा बौद्ध ने बताया कि नागारिक धर्मपाल ने भारत में बौद्ध विरासत को बढ़ाने का कार्य किया। उनके प्रयास से ही बुद्ध की पवित्र भूमि बोधगया, सारनाथ, कुशीनगर का संरक्षण एवं विस्तारीकरण संभव हो पाया। एसआर कानडे ने बताया कि अनागारिक धर्मपाल ने 1893 जब विश्व धर्म सम्मेलन शिकागो अमेरिका में हुआ था, तब अपने भाषण के 30 मिनट समय में 5 मिनट का समय स्वामी विवेकानंद को अपने विचार व्यक्त करने के लिए दिए। तब उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस कार्यक्रम में इंदु ढोक, सुधा डोंगरे, मीना नारनौरे, प्रीतिमा गेडाम सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रीतिमा गेडाम और रंजना वालवानदरे ने किया। आभार प्रदर्शन शोभा जामुलकर ने किया।

### बौद्ध धर्म के सुधारक और प्रचारक के रूप में पहचान

अनागारिक धर्मपाल (17 सितम्बर 1864 – 29 अप्रैल 1933) को सिंहली बौद्ध धर्म के एक प्रमुख सुधारक और पुनरुत्थानवादी तथा ब्रिटिश शासन के विरुद्ध श्रीलंकाई स्वतंत्रता आंदोलन के एक अग्रणी व्यक्ति के रूप में जाना जाता है। उन्हें एक बौद्ध धर्म सुधारक भी माना गया है। उन्होंने सीलोन (श्रीलंका) में महाबोधि सोसाइटी की स्थापना की। बोध-गया तथा सारनाथ में सबसे महत्वपूर्ण बौद्ध स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए धन जुटाए, जो सदियों की उपेक्षा के कारण बुरी तरह से खराब हो गए थे। वे सोसाइटी की पत्रिका के संपादक थे। एक बौद्ध मिशनरी के रूप में विश्व प्रसिद्ध हुए, जिन्होंने भारत, यूरोप और अमेरिका में बौद्ध धर्म के प्रसार के लिए काम किया। उन्होंने शिकागो में 1893 के विश्व धर्म संसद में दक्षिण एशिया के बौद्धों का प्रतिनिधित्व किया। अमेरिका में पहला तीन शरण समारोह और पहला वेसाक उत्सव आयोजित किया था।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट में छत्तीसगढ़ टीम की 4 विकेट से जीत




**रायपुर।** महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा एमसी वुमेंस अंडर-19 इंटर स्टेट टी-20 क्रिकेट टुर्नामेंट का आयोजन 17 सिंतबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का मैच शुक्रवार को पुणे में महाराष्ट्र अंडर 19 टीम के विरुद्ध खेला गया। महाराष्ट्र वुमेंस अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। महाराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 135 रन बनाए। महाराष्ट्र की ओर से सुहानी ने सर्वाधिक 54 रन बनाये। साथ ही ईशा ने 46 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से चांदनी कुमारी ने 3 विकेट, ऋषिका एवं शांति ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ वुमेंस अंडर-19 की टीम 19.3 ओवरों में 6 विकेट खोकर 136 रन बनाकर 4 विकेट से विजयी हुयी। छत्तीसगढ़ की ओर से नाजिया ने सर्वाधिक 58 रनों योगदान दिया। साथ ही महक नरवसे ने 31 गेंदों में 46 रनों की नाबाद एवं महत्वपूर्ण पारी खेली। वही महाराष्ट्र की ओर से श्रुति तथा आंचल ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने 4 विकेट से मैच जीत लिया। महक प्लेयर ऑफ द मैच रहीं।

### खेल के माध्यम से रेलवे ने दिया स्वच्छता जागरुकता का संदेश



**रायपुर।** भारतीय रेलवे द्वारा इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता' थीम के साथ 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। जिसमें 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित इस 'स्वच्छता ही सेवा' 2024 अभियान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के सभी स्टेशनों, रेलवे परिसरों, पटरियों, कार्य क्षेत्रों तथा गाडियों में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान के चौथे दिन सेक्रेसा ग्राउंड डब्लूआरएस कॉलोनी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वच्छता के महत्व को समझाना था। शुक्रवार को खो खो खेल प्रतियोगिताओं और अन्य खेलों को शामिल किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं अपनी फिटनेस और कौशल का प्रदर्शन किया। इन खेलों के माध्यम से स्वच्छता से संबंधित संदेशों को सरल और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया, ताकि छात्र-छात्राएं स्वच्छता के महत्व को खेल-खेल में समझ सकें। इसके अलावा मंडल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) राहुल गर्ग की उपस्थिति में रेलवे कर्मचारी उनके बच्चों ने अधिकाधिक संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी को स्वच्छता बनाए रखने के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे बताया गया कि कैसे छोटी-छोटी आदतें, जैसे कूड़े को कूड़ेदान में डालना, हाथ धोना और अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखना, हमारे समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बना सकती है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के पांचवे दिन 21 सितम्बर को एक पेड़ माँ के नाम थीम पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

### ऑनलाइन शतरंज प्रशिक्षण में शामिल हुए कॉलेज स्टूडेंट





**रायपुर।** जिला शतरंज संघ एवं नाइट चेस क्लब पिथौरा के संयुक्त तत्वावधान में महासमुंद–बलौदा सेक्टर के महाविद्यालयीन छात्र – छात्राओं के लिए 10 दिवसीय ऑनलाइन शतरंज प्रशिक्षण का कार्यक्रम रखा गया था। शतरंज प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर कार्यक्रम के सूत्रधार हेमंत खुटे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण से खेल निखरता है। प्रशिक्षण के जरिए हम खेल को बेहतर बना सकते है। शतरंज प्रशिक्षण खिलाड़ियों को लंबे समय तक अपना ध्यान और एकाग्रता बनाए रखने में मदद करता है। बागबाहरा कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी पालन दीवान ने कहा कि हेमंत खुटे के मार्गदर्शन में विगत 2 सालों से हमारे महाविद्यालय में सेक्टर लेवल की स्पर्धाएं हो रही है। उनके विशेष पहल से पहली बार चयनित खिलाड़ियों को स्पर्धा में जाने से पहले शतरंज का निशुल्क विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने विश्वास जताया कि पहले की तुलना में इस बार खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। प्रशिक्षण के दरमियान मुख्य रूप से ओपनिंग, मिडिल गेम, एंड गेम, पजल, मेटिंग थ्रेट, इलीगल मूव के प्रकार, अंतरराष्ट्रीय नियमों की जानकारी, चेस क्लॉक का उपयोग, वर्ग का नियम, टेक्टिस, फोर्स मूव, नाइट फोर्क आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी चेस ट्रेनर्स रोहित यादव (रायपुर) रॉकी देवांगन (दुर्ग) व ईश्वर नेताम (रायगढ़) द्वारा दी गई। प्रशिक्षण पूरी तरह से निशुल्क था।

---

अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर आप पा सकते हैं सकारात्मक परिणाम

# मस्तिष्क को समय से पहले बूढ़ा होने से बचाएं कोशिश करेंगे तो आपको जरूरी मिलेगी सफलता

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विशेषज्ञ सभी लोगों को स्वस्थ और पौष्टिक आहार के सेवन के साथ रोजाना रात में 6-8 घंटे की नींद पूरी करने की सलाह दी है। अच्छी नींद शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत के लिए जरूरी है। शोधकर्ताओं ने बताया, जिन लोगों के रात की नींद पूरी नहीं होती है उनमें ब्लड प्रेशर के साथ कई प्रकार की अन्य क्रोनिक बीमारियों के विकसित होने का खतरा रहता है। सोना हमारी सेहत के लिए कितना जरूरी है इसको लेकर किए गए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों की टीम ने बड़ा दावा किया है। शोधकर्ताओं ने बताया, अच्छी नींद हमारे दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए भी बहुत आवश्यक है। नींद, मस्तिष्क के बेहतर स्वास्थ्य और कामकाज को बनाए रखने और इसकी गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नींद के दौरान मस्तिष्क विभिन्न आवश्यक प्रक्रियाओं से गुजरता है जो संज्ञानात्मक, भावनात्मक और शारीरिक कल्याण को प्रभावित करती हैं। यानी कि अगर आपको अपने मस्तिष्क को स्वस्थ रखना है तो इसके लिए नींद की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।




### अनिद्रा की समस्या और मस्तिष्क से संबंधित विकार

हालिया अध्ययन में वैज्ञानिकों ने बताया कि जिन लोगों को अनिद्रा या नींद से संबंधित बीमारियां होती हैं उनके मस्तिष्क की क्षमता समय के साथ कमजोर होने का खतरा बढ़ जाता है। नींद की कमी संज्ञानात्मक शिथिलता से जुड़ी है, यानी कि इसके कारण समय के साथ आपके मस्तिष्क के काम करने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। इनसोम्नियाक माउस मॉडल का उपयोग करके किए गए इस अध्ययन में पाया गया है कि संज्ञानात्मक कार्यों को ठीक रखने के लिए जरूरी है कि आप नींद की गुणवत्ता को ठीक रखें।

### मस्तिष्क से संबंधित विकारों को कैसे कम करें?

अध्ययन की रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने नोट किया कि पीटीएन की मात्रा की कमी की स्थिति में मस्तिष्क में स्मृति और सीखने के लिए जिम्मेदार हिप्पोकैम्पस कोशिकाएं मरने लगती हैं। अल्जाइमर और अन्य न्यूरोडीजेनेरेटिव रोगों में भी इस प्रोटीन की मदद से सुधार करने के आसार हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि अगर आप अच्छी नींद लेते हैं तो यह इन कोशिकाओं को स्वस्थ रखने में मददगार है और मस्तिष्क से संबंधित विकारों को भी कम कर सकती है।




### मस्तिष्क के लिए जरूरी प्रोटीन के बारे में पता चला

अमेरिकन केमिकल सोसायटी के जर्नल ऑफ प्रोटीन रिसर्च में प्रकाशित इस अध्ययन में वैज्ञानिकों की टीम ने एक सुरक्षात्मक प्रोटीन प्लियोट्रोफिन या पीटीएन की पहचान की है जो मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए बहुत आवश्यक है, हालांकि नींद की कमी की स्थिति में इसका स्तर भी कम होने लग जाता है। पीटीएन को तंत्रिकाओं की सेहत, हड्डी के विकास, सूजन, कैंसर मेटास्टेसिस और ऊतकों की मरम्मत के लिए भी आवश्यक पाया गया है।

### नींद में कैसे करें सुधार?

इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने कहा, नींद की गुणवत्ता में सुधार के लिए रात की नींद पर ही ध्यान दिया जाना आवश्यक है। इससे पहले जर्नल ऑफ द अमेरिकन जेरियाट्रिक्स सोसाइटी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, कम सोने वाले लोगों का मस्तिष्क समय से पहले बूढ़ा होने लग जाता है। मस्तिष्क की कोशिकाओं को स्वस्थ रखने और इससे संबंधित बीमारियों के जोखिमों को कम करने के लिए नींद को सुधारने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए।



## तनाव में नेगेटिव बातें सोचने से पहले अपनाएं ये स्टेप्स

वर्क स्ट्रेस के कारण क्या आपके भी मन में नेगेटिव ख्याल आता है? अगर हां तो किसी भी तरह के गलत कदम उठाने से पहले एक्सपर्ट के बताए इन बातों को जरूर फॉलो करें। इससे स्ट्रेस दूर करने में मदद मिलेगी

काम जरूरी है लेकिन काम के दौरान प्रेशर इनता बढ़ जाता है कि कई बार यह निराशा और अवसाद का कारण बन जाता है। यही डिप्रेशन मन में गलत विचारों को पैदा करता है और व्यक्ति आत्महत्या जैसी कदम उठाने लगता है। अभी हाल ही में खबर सामने आई है कि काम के दबाव के कारण एक लड़की ने मौत को गले लगा लिया। ऐसे में जरूरी है कि अगर किसी भी व्यक्ति को कम का दबाव महसूस हो तो वक्त रहते ही इसकी गंभीरता को समझा जाए,और इससे निपटने के लिए उपाय किए जाएं।

वैसे तो योग, प्राणायाम जैसी कई सारी क्रियाएं हैं जो मन को शान करती है, लेकिन जरूरी है कि वर्क स्ट्रेस के कारण को समझकर उनका निदान किया जाए। अगर आप भी वर्क स्ट्रेस से परेशान हैं और मन में गलत ख्याल आते हैं तो आपको एक्सपर्ट के बताएं कुछ टिप्स जानना चाहिए, जिससे आपकी टेंशन दूर होगी।

### वर्क स्ट्रेस से दूर रहने के उपाय



एक्सपर्ट बताते हैं कि काम के साथ जिम्मेदारियां का दबाव स्वाभाविक है, लेकिन ऐसा लगे कि वर्क स्ट्रेस के कारण आपके जीवन पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है तो खुलकर बात करना जरूरी ह। एक बार अपने एचआर से अपनी चिताओं को साझा कीजिए, हो सकता है कि उनके पास आपकी समस्या का कोई समाधान हो। आपका प्रयास आपकी ही तरह अन्य कई लोगों को भी उसे तरह की समस्या से बचा सकता है।

हर व्यक्ति की काम करने की अपनी क्षमता और अपना तरीका होता है, इसलिए किसी अन्य के प्रदर्शन के कारण दबाव में ना आएं। किसी अन्य से आपके काम की तुलना नहीं की जा सकती। अगर आप खुद की तुलना करने की भावना से दूर रहें तो कई तरह के स्ट्रेस से खुद को दूर रख पाएंगे। ऐसे लोगों से दूर रहे जो अक्सर किसी की तुलना करते रहते हैं।

काम के चक्कर में अक्सर लोगों को घर से दूर रहना पड़ता है, जो की सबसे घातक है। जहां तक संभव हो अकेले रहने से बचें, सेटल हो जाएं तो अपने परिवार के ही सदस्य को अपने पास बुला सकते हैं। किसी अपने का आसपास रहना कई तरह के तनाव से बचाता है। अगर आप परिवार से दूर भी रह रहे हैं तो रोजाना उनसे बात करें और परिवार के किसी न किसी सदस्य से अपने मन की बात खुलकर साझा करें।



## बार-बार तवे में टूट जाता है चावल के आटे का चीला, तो इन टिप्स से बनाएं परफेक्ट

चावल आटे का चीला छत्तीसगढ़ का पारंपरिक भोजन है। इसे लोग दो तरह से बनाते हैं, एक तवा में और दूसरा कड़ाही में डीप फ्राई करके। खाने में बेहद स्वादिष्ट और स्वास्थ्य के हेल्दी इसे नाश्ते के अलावा लंच और डिनर की तरह खाया जा सकता है। चावल के आटे को घोलकर भी चीला बनाया जाता है और चावल को पहले भिगोकर उसे पीसकर उस तैयार घोल से भी चीला बनाया जाता है। जो लोग ज्यादा ऑयली खाना पसंद नहीं करते हैं, उनके लिए तवा में बना चीला बेस्ट होता है, लेकिन तवा में चीला बनाना आसान नहीं है, क्योंकि साधारण तवा में चीला का घोल डालने से पलटते वक्त चीला टूट जाता है। ऐसे में चीला बार-बार टूटे न इसलिए हम यहां कुछ टिप्स लाए हैं। इन टिप्स की मदद से आप आसानी से चीला बना सकते हैं, वो भी बिना टूटे।



आटा से चीला बनाने के बजाए चावल को पहले भिगो लें फिर उसे मिक्सी (मिक्सी की सफाई कैसे करें) में पीसे और उस घोल से चीला बनाएं। भीगे हुए चावल से बनाया गया चीला तवा में टूटता नहीं है और स्वाद भी अच्छा लगता है।

यदि आप चावल नहीं भिगो पाए हैं और आपको आटा से ही चीला (चीला बनाने की विधि) बनाना पड़ रहा है तो आप आटा में ठंडा पानी के बजाए गुनगुना पानी डालें। इससे भी चीला के टूटने की संभावना कम होगी।

तवा में चीला का बैटर डालने से पहले तवा को अच्छे से गर्म करें फिर उसमें अच्छे से तेल लगाएं फिर घोल डालें। ठंडी तवा में घोल डालने से चीला अच्छे से नहीं सिकता और पलटते वक्त टूट जाते हैं।

तवा में अच्छे से तेल लगाएं, घोल डालने से पहले और चीला पलटने से पहले तेल की कुछ बूंदें डालकर ही चीला को पलटें। तेल डालने से चीला आसानी से पलट जाते हैं। तेल की कमी होने के कारण भी बैटर तवा में चिपक जाते हैं और उसे पलटना मुश्किल हो जाता है और तवा में चीला के चिपकने के कारण पलटते वक्त टूट जाता है। हो सके तो चीला बनाने के लिए नॉन स्टिक तवे (नॉन स्टिक तवे की सफाई) का इस्तेमाल करें इसमें चीला चिपकता नहीं और आसानी से पलट जाता है।

## पितरों के लिए भोजन बनाने को लेकर शास्त्रों में कही गई है ये बात, जानें नियम



पितृ पक्ष के दौरान पूर्वजों के लिए भोजन बनाना एक शुभ कार्य माना जाता है और इस भोजन को पितर ग्रहण करने वंशजों के पास आते हैं। पितरों के लिए भोजन बनाते समय एक सवाल जो अक्सर मन में उठता है वह यह होता है कि क्या हम महिलाएं अपने मासिक धर्म यानी पीरियड्स के दौरान पितरों के लिए भोजन बना सकती हैं? यह सवाल शायद कई बार मन में आता है और हम अपनी श्रद्धानुसार इस बात पर विचार करके इस पर निर्णय लेते हैं।

**पूर्वजों के लिए खाना पकाना महत्वपूर्ण क्यों है?** : पितृ पक्ष के दौरान पितरों के लिए भोजन पकाने का गहरा प्रतीकात्मक और आध्यात्मिक महत्व है। ऐसा माना जाता है कि इस दौरान पूर्वजों की आत्माएं अपने वंशजों द्वारा दिया गया तर्पण ग्रहण करने के लिए पृथ्वी पर आती हैं।

पका हुआ भोजन, विशेष रूप से चावल, दाल और दूध जैसी चीजें चढ़ाना, यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि पूर्वजों की आत्मा को पोषण और संतुष्टि मिले। पका हुआ भोजन अक्सर ब्राह्मणों, गाय जैसे जानवरों और पक्षियों, मुख्य रूप से कौओं को परोसा जाता है।

ऐसा माना जाता है कि कौए पूर्वजों के संदेशवाहक के रूप में काम करते हैं। ऐसा माना जाता है कि यह वंशजों और उनके दिवंगत पूर्वजों के बीच एक मजबूत संबंध बनाए रखने का आसान तरीका है जिससे परिवार की भलाई और समृद्धि के लिए उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**क्या पीरियड्स के दौरान बनाया जा सकता है पितरों के लिए भोजन** : कई पारंपरिक हिंदू घरों में, पीरियड्स के दौरान महिलाओं को धार्मिक गतिविधियों में शामिल न होने की सलाह दी जाती है। ऐसे ही पितरों का स्थान ईश्वर से ऊपर माना जाता है, इसलिए महिलाओं को इस दौरान भोजन बनाने से भी मना किया जाता है। अगर हम शास्त्रों की मानें तो महिलाओं को पीरियड्स के दौरान पितरों के लिए भोजन नहीं बनाना चाहिए। हालांकि इस अवधि में भोजन बनाने की मनाही महिला के स्वास्थ्य के दृष्टिकोण को आधार पर भी है। ऐसा कहा जाता है कि पीरियड्स के दौरान महिलाएं शारीरिक रूप से थकान महसूस करती हैं।

---

कार्नर न्यूज

शादी की खरीदी में ज्योतिष और वास्तु नियमों पर दें ध्यान

# इन विशेष दिनों में न खरीदें शादी का जोड़ा वैवाहिक जीवन में आ सकती हैं समस्याएं

अगर आपकी जल्दी ही शादी होने वाली है तो सबसे ज्यादा जरूरी होता है शादी का जोड़ा। इसकी खरीदारी के लिए आप काफी पहले से योजना बनाने लगती हैं। लहंगे का रंग कैसा होना चाहिए, इसकी डिज़ाइन कैसी हो और सबसे ज्यादा जरूरी है इसकी खरीदारी का शुभ मुहूर्त। जी हां आपको सुनने में भले ही थोड़ा अजीब लगे लेकिन ज्योतिष में आपको शादी का कोई भी सामान कुछ विशेष दिनों खरीदने की सलाह दी जाती है। ऐसी मान्यता है कि यदि आप इन दिनों और शुभ मुहूर्त में ही शादी की खरीदारी करती हैं तो आपके जीवन में सदैव सुख-समृद्धि बनी रहती है। वैसे तो ज्योतिष में भी दुल्हन के लहंगे को खरीदने के लिए शुभ या अशुभ दिनों का निर्धारण उसकी जन्म कुंडली और ग्रहों की दिशा के अनुसार होता है, लेकिन कुछ ऐसे भी विशेष दिन हैं जिनमें आपको शादी का जोड़ा न खरीदने की सलाह दी जाती है।



### मंगलवार के दिन न खरीदें शादी का जोड़ा

ज्योतिष में मंगलवार का संबंध मंगल ग्रह से होता है। मंगल को उग्र ग्रह माना जाता है जो ऊर्जा, आक्रामकता और संघर्ष का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन शादी से जुड़ी किसी सामग्री की खरीदारी नहीं करनी चाहिए क्योंकि इससे उनके जीवन में समस्याएं आ सकती हैं।

दरअसल मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित है और इस वजह से इस दिन कोई भी शादी से जुड़ी सामग्री नहीं खरीदी जाती है, क्योंकि हनुमान जी को बाल ब्रह्मचारी माना जाता है। इसके अलावा यह भी माना जाता है कि इस दिन शादी के कपड़े खरीदने से आपके वैवाहिक जीवन में कुछ समस्याएं आ सकती हैं।

### शनिवार के दिन न खरीदें शादी का जोड़ा

ज्योतिष में शनिवार को शनि ग्रह द्वारा शासित किया जाता है। शनि अनुशासन, जिम्मेदारी और सीमाओं से जुड़ा होता है। हालांकि यह धैर्य और परिश्रम की आवश्यकता वाले कार्यों के लिए एक उत्कृष्ट दिन है।

मान्यता है कि यदि इस दिन शादी का जोड़ा (शादी के सामान की खरीदारी करते समय ध्यान रखें ये बातें) खरीदा जाता है तो शनि का प्रभाव जीवन में समस्याएं ला सकता है।

### अमावस्या के दिन न करें शादी के जोड़े की खरीदारी



अमावस्या वह चंद्र दिवस है जब चंद्रमा आकाश में दिखाई नहीं देता है। यह अंधेरे से जुड़ा है और कभी-कभी महत्वपूर्ण निर्णय लेने या खरीदारी करने के लिए इसे अशुभ माना जाता है। यदि आप अमावस्या के दिन लहंगा खरीदती हैं तो इससे आपके आगे के जीवन में समस्याएं आ सकती हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## नवंबर में रिलीज होगी वेब सीरीज 'ड्यून: प्रोफेसी', जियो सिनेमा पर होगी स्ट्रीमिंग



वेब सीरीज 'ड्यून: प्रोफेसी' की रिलीज को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। इस बहुप्रतिक्षित वेब सीरीज को नवंबर में रिलीज किया जाएगा। भारतीय दर्शक इस सीरीज को जियो सिनेमा पर स्ट्रीम कर सकेंगे। इसकी जानकारी खुद जियो सिनेमा की ओर से दी गई है। सीरीज को जियो सिनेमा प्रीमियम पर देखा जा सकेगा। दर्शक इस अपडेट का पाने के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे थे और अब इससे परदा हटा दिया गया है। जुलाई में जब 'ड्यून: प्रोफेसी' का दूसरा टीजर ट्रेलर आया था तो दर्शकों ने इसे पसंद किया था। भारतीय दर्शक भी इस सीरीज को लेकर खासे उत्साहित है, क्योंकि इसमें तब्बू ने भी अभिनय किया है और टीजर में भी उनकी झलक देखने को मिली थी। इसमें तब्बू सिस्टर फ्रांसेस्का के रोल में नजर आएंगी। यह सीरीज केविन जे एंडरसन और ब्रायन हर्बर्ट द्वारा लिखे गए उपन्यास सिस्टरहुड ऑफ ड्यून से प्रेरित है। यह एक साइंस फिक्शन वेब सीरीज है। इसमें कुल छह एपिसोड होंगे। 'ड्यून: प्रोफेसी' में एमिली, ओलिविया विलियम्स, ट्रैविस फिमेल, जोहदी मे, तब्बू, सारा-सोफी बोस्निना, एडवर्ड डेविस, फॉइलेन कनिंघम, मार्क स्ट्रॉन्ग, क्लो ली, जोश हेस्टन, जेड एनोका, शालोम ब्रून-फ्रैंकलिन, क्रिस मेसन और एओइफ हिंड्स ने अभिनय किया है। इस सीरीज का निर्माण कनिंग हैंड, एनाबेलिटा फिल्म्स और लेजेंडरी टेलीविजन द्वारा मिलकर गया है।

### टॉलीवुड

## रजनी की फिल्म 'वेट्टैयन' में सत्यदेव बन दिल जीतने आ रहे अमिताभ



टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी रजनीकांत अभिनीत फिल्म 'वेट्टैयन' के किरदारों से पर्दा उठना शुरू हो गया है। इसी बीच फिल्म के निर्माताओं ने बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन की भूमिका के सबसे प्रतीक्षित किरदार पोस्टर का अनावरण कर दिया है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक शक्तिशाली प्रोमो जारी किया, जिसमें बिग बी को सत्यदेव के रूप में पेश किया गया है। 'वेट्टैयन' के निर्माताओं के जरिए जारी किए गए वीडियो में अनुभवी सुपरस्टार को उनके सिग्नेचर कुर्ता और पश्मीना शॉल लुक में दिखाया गया है। एक शॉट में, अभिनेता को अपने दोस्त और को-स्टार रजनीकांत के साथ बातचीत करते देखा जा सकता है। एक अन्य शॉट में, वह पर्दे के पीछे एक स्क्रिप्ट को पढ़ते नजर आ रहे हैं। निर्माताओं ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, 'वेट्टैयन के पावरहाउस से मिलिए। श्रीबच्चन को सत्यदेव के रूप में पेश कर रहा हूं। उनके अभूतपूर्व प्रदर्शन को देखने के लिए तैयार हो जाइए।'

भारतीय सिनेमा के इन दो आइकनों को एक साथ देखने के लिए प्रशंसक काफी ज्यादा उत्साहित हैं। सूत्रों के मुताबिक, बिग बी फिल्म में जज के रूप में एक विस्तारित कैमियो भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। हालांकि, आधिकारिक पुष्टि का अभी भी इंतजार है। 'वेट्टैयन' 32 सालों के बाद बड़े पर्दे पर रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के लंबे समय से प्रतीक्षित पुनर्मिलन का प्रतीक है। रजनीकांत और अमिताभ बच्चन इससे पहले 'अंधा कानून' (1983), 'गिरफ्तार' (1985) और 'हम' (1991) जैसी फिल्मों में एक साथ नजर आए थे। 'हम' के बाद से, दोनों सितारों ने एक साथ काम नहीं किया है, जिससे 'वेट्टैयन' दोनों अभिनेताओं के प्रशंसकों के लिए एक बहुप्रतीक्षित फिल्म बन गई है। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी इस फिल्म में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं।

### भोजपुरी

## दुर्गापूजा पर खेसारी की 'अपराधी' मचाएगी धमाल, हैंडसम लुक में जच रहे बिहारी बाबू



ट्रेंडिंग स्टार खेसारीलाल यादव की नई फिल्म 'अपराधी' इस दुर्गापूजा पर देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म का निर्माण दक्षा फिल्म इंडिया के बैनर तले किया गया है और निर्देशन शेखर शर्मा ने किया है। इससे पहले शेखर शर्मा की निर्देशित खेसारीलाल की दो फिल्में 'मुकद्दर' और 'बागी' बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई थीं। फिल्म 'अपराधी' में खेसारीलाल का दमदार एक्शन और रोमांस देखने को मिलेगा, जिसमें गांव का खास अंदाज दिखाया जाएगा। फिल्म में ऋतु सिंह, मेघाश्री, और रक्षा गुप्ता भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी। बिहार और झारखंड में फिल्म का वितरण रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट कर रही है। फिल्म 'अपराधी' को लेकर खेसारीलाल यादव ने कहा, 'यह फिल्म मेरे दिल के बेहद करीब है। इसमें मेरा किरदार एक्शन और रोमांस दोनों का बेहतरीन मिश्रण है, जो दर्शकों को जरूर पसंद आएगा। खासकर इस दुर्गापूजा के मौके पर इसे रिलीज करना मेरे लिए खास है, क्योंकि यह फिल्म परिवार और समाज के कई महत्वपूर्ण मुद्दों को भी उजागर करती है। हमारी टीम ने इस पर कड़ी मेहनत की है, और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे बहुत प्यार देंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि 'अपराधी' में गांव का असली अंदाज और जज्बात दिखाने की कोशिश की गई है, जिसे दर्शक बड़े पर्दे पर जरूर एंजॉय करेंगे।

### हाथ का हुनर

लाइफ स्टाइल



भारतीय फैशन उद्योग में हैंडलूम के बने कपड़े अलग ही छटा बिखेरते हैं। जब मौका हरियाणा के सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले का हो तो यहां प्रमुख फैशन डिजाइनर अपना कलेक्शन लांच करने उत्सुक रहते हैं। इस वर्ष फरवरी में आयोजित मेले में अभिषेक गुप्ता, अमिता गुप्ता, गौतम गुप्ता, हेमांग अग्रवाल, पवन सचदेवा, श्रुति संचेती, सुकेत धीर, तन्मया-मनीष त्रिपाठी जैसे डिजाइनरों ने हैंडलूम के अपने डिजाइन दर्शकों के सामने रखे। इसे देश-विदेश के फैशन के जानकारों के बीच अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

## होंठों को स्क्रब करने के फायदे ही नहीं, नुकसान भी



सुर्ख गुलाबी गाल आपने सुना होगा, लेकिन क्या सुर्ख गुलाबी होंठों के बारे में सुना है। लिप स्क्रब यूवी किरणों से होंठों को बचाकर उन्हें टैनिंग या अनइवन होने से बचाता है। हालांकि, सवाल है कि क्या वाकई लिप स्क्रब करना सही है? इसके फायदे आपको पता हैं, लेकिन इससे होने वाले नुकसान के बारे में क्या आप जानती हैं?

हेयर, स्किन और नेल केयर एक्सपर्ट डॉ. मानसी शिरोलिकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसके फायदे और नुकसान दोनों बताए हैं। वह बताती हैं कि लिप स्क्रब अच्छे होते हैं या नहीं ये निर्भर करता है कि आपका स्किन टाइप क्या है, आपकी लिप कंडीशन कैसी है और आप कितनी जल्दी-जल्दी लिप स्क्रब अप्लाई करते हैं।

यह बॉडी स्क्रब की तरह ही है। यह रूखे और चैप्ड लिप्स के लिए ही अच्छा नहीं है, बल्कि आपके स्किन केयर रूटीन का एक जरूरी हिस्सा है। अगर आपके होंठ काले हो रहे हैं, तो एक अच्छा लिप स्क्रब डेड स्किन सेल्स को हटा सकता है। इतना ही नहीं, यह काले धब्बों को हटाने में मदद करता है और आपके होंठों को नरम और मुलायम बनाने में मदद करता है। लिप स्क्रब आमतौर पर चीनी, कॉफी या नमक से बनाया जाता है, जो आपके होंठों की डेड स्किन को हटाने में मदद करता है।

अपने होंठों को लिप स्क्रब से एक्सफोलिएट करने से वे दिखने में स्मूथ और सॉफ्ट होने लगेंगे। इतना ही नहीं, होंठ अधिक हाइड्रेटेड भी दिखने लगते हैं। होंठों को बेहतर दिखाने के अलावा, लिप-लाइटनिंग स्क्रब होंठों को फटने से बचाने और रूखे, फटे होंठों के दर्द से राहत दिलाने में मदद करते हैं।

एक्सफोलिएशन से होंठों को प्लंप दिखाने में मदद मिलती है और यह उन्हें भरा-भरा दिखाने में मदद कर सकता है। घरेलू स्क्रब बनाने के लिए चीनी और नारियल तेल का उपयोग किया जा सकता है।

इतना ही नहीं, होंठों पर भी समय के साथ झुर्रियां होने लगती हैं, जिसे ये स्क्रब्स दूर कर सकते हैं। लिप स्क्रब का उपयोग किसी भी समय किया जा सकता है। लिप स्क्रब को यदि मॉडरेशन में अप्लाई किया जाए, तो इससे आपके होंठ सॉफ्ट होंगे और डेड सेल्स हटेंगे।

## दिखना है सबसे अलग तो नवरात्रि में पहनें लाइम ग्रीन कलर सूट



फैशन

पितृ पक्ष की समाप्ति के बाद नवरात्रि का आगमन होना है। त्यौहार के इन दिनों में हर कोई अपने लिए एथनिक आउटफिट की खरीदारी करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम सभी चाहते हैं कि लुक सबसे अलग नजर आए। लेकिन हर बार हम एक ही जैसे आउटफिट कलर को खरीद लेते हैं, जो पहनने के बाद अच्छे नहीं लगते हैं। इस बार कुछ अलग रंग के आउटफिट को स्टाइल करें। इससे आपका लुक भी अच्छा लगेगा। लाइम ग्रीन सूट कलर आजकल काफी ट्रेंड में है। इसे आप भी वियर कर सकती हैं।

### लाइम ग्रीन कलर प्लाजो सूट डिजाइन



आप नवरात्रि में सुंदर दिखने के लिए लाइम ग्रीन कलर के प्लाजो सूट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सूट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। साथ ही, लुक को सुंदर बनाते हैं। इसमें आपको वी नेकलाइन के साथ-साथ कॉलर नेकलाइन के सूट डिजाइंस मिल जाएंगे। साथ ही, प्लाजो पैंट में नीचे की तरफ लेस डिजाइन मिलेगा। इसके साथ आपको दुपट्टा भी सेम लेस डिजाइन के साथ मिलेगा। इससे आपका सूट लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह के सूट आपको रेडीमेड डिजाइन में मिल जाएंगे। जिसे आप अलग तरह की ज्वेलरी के साथ वियर कर पाएंगी।

### लाइम ग्रीन कलीदार सूट डिजाइन

आप नवरात्रि के दिनों में लाइम ग्रीन कलर के कलीदार सूट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको नेकलाइन पर हैवी और सिंपल हर तरह के डिजाइन मिल जाएंगे। इसके साथ आपको पैंट प्लेन डिजाइन में मिलेगी। दुपट्टा आपको नेट डिजाइन में मिलेगा। इससे आपका सूट अच्छा लगेगा। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। इस तरह के सूट आपको मार्केट में 500 से 1,000 रुपये में मिल जाएगी।

### लाइम ग्रीन अनारकली सूट डिजाइन

अगर आपको अनारकली सूट पहनना पसंद है, तो इसके लिए आप लाइम ग्रीन कलर में सूट को खरीदें। इसके साथ मल्टी कलर दुपट्टे को स्टाइल करें। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आप सुंदर नजर आएंगी। इस तरह के सूट मे आको प्रिंट और डिजाइन दोनों अच्छे मिलेंगे।

## घर की रौनक बढ़ा देंगे शानदार शू रैक!




आप अपने घर में जूते-चप्पल रखने कोई शानदार आईडिया खोज रही हैं तो आपके घर की रौनक को बढ़ा देने वाले शानदार शू रैक को इस्तेमाल जरूर कीजिए। इसमें आपको काफी सारा स्पेस मिलता है, जिसमें आप अपने घर के सारे जूते चप्पल आराम से रख सकते हैं। वहीं इन शू रैक पर आपको कवर भी मिलता है, जिसकी वजह से आपको जूते-चप्पल नजर नहीं आते। साथ ही ये आपके जूते-चप्पल को धूल मिट्टी से बचकर भी रखते हैं।

मिनी शू रैक ऑरेंज कलर में मिल रही है। वहीं इस जूता रैक में आपको दरवाजे भी मिल रहे है, जिसकी वजह से आप इसमें अपने जूते चप्पलों को आराम से रख सकते हैं। साथ ही इसको आप पाने घर से लेकर ऑफिस तक के लिए चुन सकते हैं। वहीं इस शू रैक डिजाइन में आपको काफी अच्छा स्पेस मिल रहा है, जिसकी वजह से आप इसमें अपने कई जोड़ी जूते चप्पलों को रख पाएंगे। साथ ही यह काफी मजबूत है। इसमें आप अपने जूते चप्पलों के अलावा बहुत सारा सामान भी रख सकते हैं।

प्लास्टिक शू रैक फोल्डिंग करने की सुविधा के साथ मिल रही है। इसमें आपको 5 बॉक्स मिलते है, जिसमें आप अपने जूते को आराम से रख सकते हैं। वही यह आपको ब्लैक कलर में मिल रही है, जो देखने में काफी अट्रैक्टिव है। वहीं यह वाटरप्रूफ है। इसको काफी मजबूत प्लास्टिक से बनाया गया है, जो जल्दी खराब नहीं होता। वही आपको इस शू स्टोरेज में दरवाजे मिलते है, जो आपके जूते चप्पलों को धूल मिट्टी से बचाएंगे। इसमें आप अपने जूते चप्पलों के अलावा किताबें, कपड़े, खिलौने और भी बहुत सारी चीजों को स्टोर करके रख सकते हैं।

यह मल्टीपर्पस स्टोरेज रैक आपको डस्टप्रूफ कवर के साथ मिल रहा है। वहीं इस शू रैक डिजाइन में आपको कई कलर मिल रहे है, जिन्हें आप अपनी पसंद के हिसाब से चुन सकते हैं। साथ ही इसमें आप खिलौने, जूते और कपड़े जैसा कई सामान रख सकते हैं।

## 40 की उम्र के बाद भी चाहिए ग्लोइंग स्किन तो ऐसे रखें त्वचा का ख्याल



यदि आप त्वचा की देखभाल में रुचि रखते हैं और त्वचा के बदलाव को कंट्रोल करना चाहते हैं तो कुछ ऐसे तरीके जानिए, जिनको अपनाकर आप दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### सूरज की किरणों से करें बचाव

सूर्य के हानिकारक अल्ट्रावायलेट रेडिएशन से बचने के लिए हमेशा SPF सनस्क्रीन लगाएं। खासकर अगर आप घर से बाहर निकल रहे हैं तो सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। यह त्वचा को सूरज के हानिकारक प्रभावों से बचाने में मदद करेगा।

### त्वचा को रोज करें मॉइश्चराइज

एक उम्र के बाद त्वचा में रुखापन दिखने लगता है। ऐसे में हर रोज त्वचा को मॉइश्चराइज जरूर करें। मॉइश्चराइजर खरीदते वक्त अपनी स्किन टाइप और मॉइश्चराइजर की क्वालिटी का ध्यान अवश्य रखें।

### त्वचा की विशेष देखभाल

त्वचा की सही से देखभाल करें। इसके लिए अपने त्वचा के प्रकार के हिसाब से उपयुक्त फेसवॉश और क्रीम का इस्तेमाल करें। ताकि ये स्किन को डैमेज ना कर पाए।

### सही आहार


आहार सबसे पहले त्वचा के स्वास्थ्य पर असर डालता है। ऐसे में अपनी डाइट में फल, सब्जियां, अनाज, प्रोटीन को शामिल करें। हानिकारक खाद्य पदार्थों से बचें और पर्याप्त पानी पिएं।

कार्नर न्यूज

### फैशन के इस दौर में नौजवानों की पसंद बन गई है बियर्ड फेडिंग

## जानिए बियर्ड फेडिंग और पाएं कूल फेडेड बियर्ड लुक, लोग तारीफ करते नहीं थकेंगे

*आजकल फैशन बियर्ड का ही है। अपने चेहरे के हिसाब से सभी पुरुष अलग-अलग तरह की बियर्ड रखते हैं। कभी विराट कोहली वाली तो कभी विक्की कौशल का स्टाइल पुरुषों को भा जाता है। इन्हीं लुक में से एक है बियर्ड फेडिंग। फेडिंग के साथ बियर्ड का लुक थोड़ा और नेचुरल आ जाता है। पुरुषों को फेडिंग का यही अंदाज तो पसंद आता है। इसलिए आजकल बियर्ड फेडिंग के दीवाने सभी हो चुके हैं। मगर अफसोस अभी भी कई पुरुष इसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं जानते हैं। इसलिए इसको अपने लुक पर आजमा भी नहीं पाते हैं। लेकिन हम बियर्ड फेडिंग से जुड़ी गाइड ले आए हैं।*



### दाढ़ी को कैसे परफेक्टली फेड करें

जिन पुरुषों ने अभी तक बियर्ड फेडिंग नहीं कराई है, उन्हें इसके बारे में पता भी नहीं है। लेकिन स्टेप बाय स्टेप इस ट्रिक को आसानी से समझा जा सकता है। चलिए जानते हैं बियर्ड फेडिंग के बारे में सबकुछ-

### क्या होती है फेडेड बियर्ड

बियर्ड फेडिंग के बारे में सबकुछ समझने से पहले हमें ये भी समझना होगा कि ये आखिर होती क्या है। इसके लिए आपको बियर्ड ट्रिमिंग वाला दिन याद करना होगा। बियर्ड ट्रिम कराने के लिए आप अक्सर सैलून ही जाते हैं। ऐसा खुद नहीं करते हैं, पता है क्यों? क्योंकि सैलून में बियर्ड ट्रिमिंग के साथ फेडिंग भी की जाती है। इसमें आपके कान के ऊपर और इसके आस पास के बाल और दाढ़ी के ऊपरी बालों को आपस में कुछ ऐसे ट्रिम किया जाता है कि ये अलग-अलग नहीं लगते हैं। दरअसल यही एक तरह से फेडिंग है। इसमें लंबे बालों को छोटे बालों के साथ ऐसे मिलाया जाता है कि छोटे-बड़े बालों में अंतर पता ही नहीं चलता है और फिर बहुत नेचुरल लुक मिल जाता है। फेड किसी भी उस जगह पर किया जा सकता है, जहां हार्ड लाइन हो। इस लाइन को नेचुरल लुक देने के लिए ही फेडिंग की जा सकती है।



### टूल्स तो आपके पास हैं न

बियर्ड फेड करने से पहले आपको सही टूल्स की जरूरत होती है। खासतौर पर बियर्ड ट्रिमर (beard trimmer)के साथ एडजस्टेबल लेंथ कॉम्ब होना जरूरी है। आपको क्लिपर की जरूरत भी पड़ेगी।